

सिंगल मदर के लिए कितना मुश्किल है परवरिश 4


Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, बुधवार, 08.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 258 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## माइक्रोसॉफ्ट भारत में निवेश करेगी 25,722 करोड़

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) सत्य नडेला ने 7 जनवरी (मंगलवार) को भारत में अगले 2 साल में अपने क्लाउड और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बिजनेस में 3 बिलियन डॉलर यानी 25,722 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। सत्य नडेला ने यह ऐलान माइक्रोसॉफ्ट एआई टूर के बेंगलुरु फेज में किया। सत्य नडेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा, देश के एआई ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद करने के लिए भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और स्किलिंग में हमारे नए निवेश की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। भारत को एआई-फर्स्ट नेशन बनाने में मदद करने के लिए कंपनी के प्रयासों के हिस्से के रूप में यह घोषणा की गई है। नडेला ने पहले कहा था कि उनका मानना है कि भारत में एआई में बहुत संभावनाएं हैं। सत्य नडेला ने यह भी कहा था कि वह चाहते हैं कि सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट इस तेजी से फैलती टेक्नोलॉजी के लाभों को प्राप्त करने में असिस्टेंट यानी सहायक की भूमिका निभाए। एक दिन पहले सोमवार को सत्य नडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी।

# भजनलाल सरकार ने बंद किए 190 स्कूल

» 169 स्कूल में स्टूडेंट की संख्या थी जीरो, 21 स्कूल मर्ज

» सूची में श्रीगंगानगर जिले के चार स्कूल शामिल

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 190 स्कूलों को बंद कर दिया है। इनमें 169 स्कूल ऐसे थे, जिनमें स्टूडेंट ही नहीं थे। अधिकांश स्कूलों में स्टूडेंट्स की संख्या जीरो थी। कुछ स्कूल सुबह-शाम चल रहे थे। ऐसे 21 स्कूलों को मर्ज किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर से 20 स्कूलों को बंद किया गया है। प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इन स्कूलों को बंद करने का आदेश किया हैं। निदेशालय से जारी आदेश के अनुसार कि 169 स्कूल ऐसे थे, जिसमें स्टूडेंट ही नहीं थे। ऐसे में 21 स्कूलों को मर्ज किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर से 20 स्कूलों को बंद किया गया है। इन स्कूलों में पहले से कार्यरत टीचर्स को अब अन्य स्कूलों में लगाया जाएगा। वहीं जिन स्कूलों को मर्ज किया है, वहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को उस स्कूल में एडमिशन दिया जाएगा, जिसमें वो मर्ज हुई है। इस सूची में अलवर के पांच, बालोतरा के नौ, बांसवाड़ा के तीन, बारां के एक, बाडमेर के पांच, ब्यावर के दो, भरतपुर के दो, बीकानेर के चार, बूंदी के तीन, चित्तौड़गढ़ के दो, चूरू के चार, दौसा के छह, डीडवाना-कुचामन के ग्यारह, डूंगरपुर के तीन, श्रीगंगानगर के चार, हनुमानगढ़ के दो, जयपुर के 18, जैसलमेर के तीन, जालौर के पांच, झालावाड़ के पांच, झुंझुनूं के एक, जोधपुर के सत्रह, करौली के दस, कोटा के तीन, कोटपुतली-बहरोड़ के सात, नागौर के सात, पाली के पांच, फलौदी के तीन, प्रतापगढ़ के दो, राजसमंद के दो, सवाई माधोपुर के चार, सीकर के पांच, सिरोही के दो, टोंक के दो और उदयपुर के पांच स्कूलों को बंद किया गया है। स्कूलों में छात्र संख्या शून्य होने पर शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी। इस पर जिला शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के शून्य छात्र संख्या वाले स्कूलों की सूची शिक्षा निदेशालय को भेजी थी। शून्य छात्र का कारण ये बताया गया कि पास ही दूसरे सरकारी अपर प्राइमरी स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारियों ने इन्हें बंद करने के प्रस्ताव दिए। इन्हीं प्रस्तावों के आधार पर स्कूल बंद करने के लिए निदेशालय ने राज्य सरकार से अनुमति मांगी, जहां से अनुमति मिलते ही स्कूल बंद के आदेश हो गए। अब बंद होने वाले स्कूल का अलग से कोई प्रशासनिक अस्तित्व नहीं रहेगा। सभी क्लासेज पास के स्कूल में संचालित होंगी। स्वीकृत पदों के आधार पर अधिशेष (सरप्लस) होने वाले शिक्षकों को अन्य स्कूलों के खाली पदों पर नियमानुसार पदस्थापित किया जाएगा। जहां स्टूडेंट्स ज्यादा हैं, वहां इन टीचर्स की पोस्टिंग की जाएगी। स्टाफिंग पैटर्न (स्टूडेंट-टीचर अनुपात) के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी इन टीचर्स को समायोजित करेंगे। जब तक स्टाफिंग पैटर्न पर समायोजन हो, तब तक टीचर्स को निकटवर्ती स्कूलों में जाना होगा।

## नई दिल्ली विस चुनाव के सिंगल फेज में 5 फरवरी को मतदान

● विधानसभा चुनाव का परिणाम 8 फरवरी को

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 फरवरी को वोटिंग होगी। रिजल्ट 8 फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तारीखों की घोषणा के दिन से रिजल्ट तक दिल्ली चुनाव की प्रक्रिया 33 दिन में पूरी हो जाएगी। 2015 और 2020 के मुकाबले इस बार चुनाव और रिजल्ट की घोषणा एक हफ्ते पहले हो रही है। डेढ़ घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीईसी राजीव कुमार सिर्फ 10 मिनट दिल्ली चुनाव पर बोले। एक घंटे से ज्यादा वक्त तक उन्होंने ईवीएम, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और खास वर्ग के वोटर्स का नाम हटाने जैसे विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना गलत ट्रेंड है। इससे युवा वोटर्स पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट भी ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को खारिज कर चुका है। दिल्ली में 1.55 करोड़ वोटर्स 33 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन पर वोट डालेंगे 1. वोटर का नाम कट गया, नाम इधर-उधर हो गए राजीव कुमार ने कहा, आरोपों को सुनकर दुख होता है। उन्होंने बताया, हर साल 1 जनवरी को सर्वे किया जाता है, जो अक्टूबर में शुरू होता है। ड्राफ्ट रोल की फ्री कॉपी 2-2 दी जाती है।

## एएसपी की गाड़ी को स्कॉर्पियो से मारी टक्कर

जनमार्ग न्यूज

**बयाना।** भरतपुर में स्कॉर्पियो सवार ने एएसपी की गाड़ी को टक्कर मार दी। गनमैन और कॉन्स्टेबल ड्राइवर ने रुकने का इशारा किया तो कुचलने की कोशिश की। फरार हुए स्कॉर्पियो सवार का पुलिस ने 5 किमी तक पीछा किया। इस दौरान टायर ब्लास्ट होने से ड्राइवर स्कॉर्पियो को छोड़कर फरार हो गया। मामला बयाना थाना इलाके का सोमवार रात 10:15 बजे का है। एएसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि वह गश्त कर सरकारी गाड़ी में ड्राइवर और गनमैन के साथ बयाना आ रहे थे। इस दौरान गांधी चौक पर पंचायत समिति की ओर से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर ने गाड़ी रोकने के बजाय उनकी सरकारी बोलेरो के टक्कर मार दी।

## आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

जनमार्ग न्यूज



**जोधपुर।** जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम (83) को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है। हालांकि, उसके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है, क्योंकि आसाराम नाबलिग से रेप का भी दोषी है। फिलहाल वह जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। आसाराम को बीते 5 महीने में तीन बार पैरोल भी मिल चुकी है। आसाराम के वकील आरएस सलूजा ने बताया कि मंगलवार (7 जनवरी) सुप्रीम कोर्ट से पहली बार जमानत दी गई है। आसाराम जमानत के बावजूद बाहर नहीं आ पाएगा।

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से व्यापारी को धमकाकर 5 करोड़ की फिरौती मांगी

● धमकी मिलने के बाद व्यापारी को सुरक्षा प्रदान, केस दर्ज

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के श्रीविजयनगर में एक प्रतिष्ठित और बड़े व्यापारी को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देकर 5 करोड रुपए की फिरौती मांगी गई है। व्यापारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।व्यापारी और उसके परिवार को पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक श्रीविजयनगर में कॉटन फैक्ट्री, कमीशन एजेंट और पेस्टिसाइड आदि व्यवसाय कर रहे एक बड़े व्यापारी के पुत्र को कल विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप कॉल के जरिए धमकी दी गई। विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आने पर व्यापारी के पुत्र ने पहले तो कॉल नहीं उठाई। बार-बार कॉल आने पर उसने कॉल रिसीव की तो कॉलर ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का बताते हुए 5 करोड रुपए तैयार रखने के लिए कहा। साथ ही धमकाया कि अगर रुपए नहीं दिए तो उसे और उसके परिवार को जान से हाथ धोना पड़ेगा। कॉलर ने यह भी धमकी दी कि उनको उसके पूरे परिवार के बारे में सारी जानकारी है। व्यापारी द्वारा इसकी जानकारी तुरंत ही उच्च पुलिस अधिकारियों को दी गई। इस पर कल देर रात को मामला दर्ज कर लिया गया। व्यापारी की जान माल की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिसकर्मी को तैनात किया गया है।

## भूकंप से 95 की मौत, 130 घायल

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** चीन के तिब्बत प्रांत में मंगलवार सुबह आए भूकंप से 95 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 घायल हो गए। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक सुबह 9.05 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे) आए इस भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिजांग में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 थी। भूकंप का असर नेपाल, भूटान सहित भारत के सिक्किम और उत्तराखंड में भी दिखा। फिलहाल भारत में इससे जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। पहले भूकंप के तुरंत बाद इस क्षेत्र में दो और भूकंप आए।

## उदयपुर में मनाया जाएगा 76वां गणतंत्र दिवस

● राज्य स्तरीय आयोजन को लेकर सीएम ने की समीक्षा बैठक

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान में इस वर्ष 76वां गणतंत्र दिवस समारोह झीलों की नगरी उदयपुर में भव्य और परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसकी तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें अधिकारियों के कई प्रकार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समारोह को राष्ट्रीयता और राज्य की विविधताओं का प्रतीक बनाते हुए भव्य और यादगार आयोजन सुनिश्चित किया जाए। बता दें, जयपुर और उदयपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष सजावट की जाएगी। जयपुर के राजभवन और उदयपुर के सहेलियों की बाड़ी में एटहोम कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें राज्य के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, जैसे अतिथियों के निमंत्रण, आवागमन, ठहरने और भोजन आदि की योजना समय पर पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि जयपुर और उदयपुर दोनों ही शहरों में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रमुख इमारतों, दर्शनीय स्थलों और सरकारी कार्यालयों को रोशनी और सजावट से सुसज्जित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राजस्थान की सांस्कृतिक विविधताओं और परंपराओं को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा, बैंड शो, कैमल शो और घुड़सवारी शो जैसे विशेष कार्यक्रम भी शामिल होंगे, जो आमजन और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे।ह्य

## पाकिस्तान से अजमेर पहुंचे 89 जायरीन

जनमार्ग न्यूज



**अजमेर।** ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स के मौके पर हजारों जायरीन अजमेर पहुंच रहे हैं। आज कुल की रस्म अदा की जाएगी। वहीं पाकिस्तान से 89 जायरीन का जत्था भी मंगलवार तड़के 3 बजे राजस्थान के अजमेर पहुंचा। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए थे। जत्थे के साथ पाकिस्तानी दूतावास के दो अधिकारी भी शामिल थे। पाकिस्तान से अजमेर पहुंचे जायरीन रेलवे स्टेशन पर काफी खुश नजर आए। रेलवे स्टेशन पर भारी पुलिस जाप्ते के बीच मीडिया से बातचीत में जायरीनों ने कहा कि वे अजमेर आकर बेहद खुद हैं और यहां पूरी दुनिया के लिए अमन शांति की दुआ मांगेंगे। इसके साथ ही जायरीनों ने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे ताल्लुकात हैं। ये और बेहतर बनें, इसके लिए हम सभी दुआ करेंगे। इसके साथ ही भारत और पाकिस्तान में अमन-चैन बना रहे इसके लिए ख्वाजा के दर पर चादर चढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हम बेहद खुशकिस्मत हैं कि हमें ख्वाजा के दर आने का मौका मिला। अजमेर में पुलिस और प्रशासन के पुख्ता इंतजाम देखकर जायरीन काफी प्रसन्न नजर आए। उन्होंने अजमेर शहर को काफी खूबसूरत और अजमेर के लोगों को नेक दिल वाला बताया।

# तीन थाना क्षेत्रों में लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

● केसरीसिंहपुर, श्रीकरनपुर और रामसिंहपुर में चोरों के हौंसले बुलंद

जनमार्ग न्यूज





**श्रीगंगानगर।** चोरी और नकबजनी की वारदातें श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में हो रही हैं। चोरी की अनेक बड़ी घटनाएं होने के बाद भी जिला पुलिस के हाथ खाली हैं। ताजा घटनाएं केसरीसिंहपुर, श्रीकरनपुर और रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार केसरीसिंहपुर के वार्ड नंबर 11 में नीमवाला चौक में एक सूने मकान में बीती रात चोरी हो गई। इस मकान में रहने वाला दुकानदार सतपाल तनेजा पटियाला अपनी बेटी के पास सपरिवार गया हुआ है।आज पड़ोसियों ने उसके घर से कुछ दूर एक गली में अटैची पड़ा देखा तो लोगों ने अपने और आसपास के घरों को संभाला। इस दौरान सतपाल तनेजा के मकान का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। उसके घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। फौरन पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पुलिस पहुंची और मकान को ताला लगाकर बंद कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि सतपाल तनेजा के परिवार के आने पर और मकान संभालने के बाद ही पता चल पाएगा कि क्या कुछ चोरी हुआ है। अनुमान है कि चोर सोने-चांदी के जेवरात तथा नगद राशि ले गए। तनेजा के घर से चोरों ने एक अटैची भी उठाया, जिसे उन्होंने दो-तीन गली आगे जाकर खोला तो उसमें कागजात व फोटोग्राफ थे, जिसे वे वहीं फेंक गए। कागजात के नीचे एक लैपटॉप भी था,जो चोरों को दिखाई नहीं दिया। अभी इस घटना का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस तनेजा परिवार के आने का इंतजार कर रही है। उधर, श्रीकरनपुर थाना क्षेत्र के चक 54 जीजी में चोरी की एक बड़ी वारदात हो गई।पुलिस के अनुसार दिलबागसिंह नामक व्यक्ति के मकान से कर 15 तोले सोने के जेवरात तथा काफी मात्रा में चांदी के आभूषण ले गए। दिलबागसिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राजस्थान के शिक्षक की हरियाणा में मौत

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** हरियाणा के रेवाड़ी के पास दिल्ली-जयपुर हाईवे पर में सोमवार दोपहर में एक हादसा हो गया है। जिसमें बहरोड़ के जखराना के रहने वाले सरकारी शिक्षक अनूप यादव की मौत हो गई। हरियाणा के रेवाड़ी जिले के बावल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक का टायर टीचर के सिर को कुचलता हुआ निकल गया और मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि अनूप यादव की 22 दिन बाद शादी होने वाली थी। सरकारी टीचर अनूप यादव की पिछले साल ही नौकरी लगी थी। तिजारा के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल चूहडपुर में इंग्लिश के टीचर थे। वे तिजारा में ही कमरा किराए पर लेकर रहते थे। सर्दी की छुट्टी खत्म होने के बाद सोमवार दोपहर 2 बजे अपने घर से ड्यूटी पर जाने के लिए बाइक से निकले थे।


अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें | E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

# सम्पादकीय

## सरकार की लाचारी

एक कमजोर पृष्ठभूमि वाले परिवार से निकले मुकेश चंद्राकर ने पत्रकारिता का पेशा चुना और कई बार खबरों के लिए जोखिम उठाते थे। मगर उनका यही साहस शायद कुछ लोगों की आंखों में खटकने लगा था। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की घटना से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि व्यवस्थागत पारदर्शिता और कानून-व्यवस्था के तमाम दावों के बावजूद आज भी अवैध गतिविधियों को उजागर करना और दुनिया को सच बताना जोखिम का काम है। एक कमजोर पृष्ठभूमि वाले परिवार से निकले मुकेश चंद्राकर ने पत्रकारिता का पेशा चुना और कई बार खबरों के लिए जोखिम उठाते थे। मगर उनका यही साहस शायद कुछ लोगों की आंखों में खटकने लगा था। एक जनवरी की रात से वे लापता थे और बाद में उनका शव एक ठेकेदार के परिसर के सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया। पोस्टमार्टम से पता चला कि उनकी बहुत बर्बरता से हत्या की गई थी। अब हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबरों के मुताबिक, इस हत्या का संबंध स?क निर्माण में भ्रष्टाचार से जुड़ी उस खबर से हो सकता है, जिसमें मुख्य आरोपी ठेकेदार को कठघरे में खड़ा किया गया था। इस प्रकरण से साफ है कि देश में दूरदराज के इलाकों में सच की खोज और उसका खुलासा किस स्तर तक एक जोखिम भरा काम हो चुका है। सवाल है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति है कि कोई ठेकेदार बिना किसी बाधा के अपनी भ्रष्ट गतिविधियां चलाता है और उसे किसी तरह की कानूनी रोकटोक का सामना नहीं करना प?ता। यही नहीं, सच के लिए जोखिम उठाने वाले एक पत्रकार की हत्या कर दी गई। साफ है कि यह एक ओर भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार के ढीले-ढाले रवैये का सूचक है, तो दूसरी ओर, राज्य की कानून-व्यवस्था की लाचारगी का भी सबूत कि बर्बरता से पत्रकार की हत्या करने वालों को किसी का खौफ नहीं था। यह घटना बताती है कि दूरदराज के इलाकों में खबरें निकालने के काम में जुटे पत्रकारों पर हर समय किस स्तर का खतरा मंडराता रहता है। सरकार की लाचारगी और कानून-व्यवस्था के खोखलेपन का आलम यह है कि वह न तो भ्रष्ट और आपराधिक तत्त्वों पर नकेल कस पाती है और न ही उनकी गतिविधियों को दुनिया के सामने लाने वाले पत्रकारों की सुरक्षा मुहैया करा पाती है। ऐसे में, सच के सामने पैदा हो रहे जोखिम का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## ऊर्जा आत्मनिर्भर बनते भारतीय घर

मौसम कोई भी हो, लेकिन घरों को आरामदायक बनाने के लिए बिजली की जरूरत रहती है। बिजली की इस बढ़ती मांग को पूरा करने और लोगों को बढ़ते बिजली बिल से राहत दिलाने में रूफटॉप सोलर एक मददगार विकल्प बन सकता है। यह भारतीय घरों को ऊर्जा आत्मनिर्भर भी बना सकता है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंडवॉटर के रिसर्च के अनुसार, भारतीय घरों में लगभग 100 गीगावॉट रूफटॉप सोलर क्षमता मौजूद है। रूफटॉपसोलर, एक सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम है, जो छत या परिसर में खुली जगह पर लगाया जाता है।एक किलोवॉट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम से प्रतिदिन चार से पांच यूनिट बिजली पैदा हो सकती है। इतनी बिजली से एक फ्रिज लगातार चल सकता है, जबकि एक से दो पंखे आठ घंटे तक, एक टीवी व एक लैपटॉप चार-चार घंटे तक और 2-3 एलईडी लाइट आठ घंटे तक चल सकते हैं। केंद्र सरकार पीएम सूर्यघर योजना के जरिए घरों और आवासीय सोसायटियों को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए वित्तीय सहायता दे रही है। दो किलोवाट तक के रुफटॉफ सोलर के लिए प्रतिकिलो वाट 30,000 रुपये और 2-3 किलोवाट तक के लिए प्रति किलोवाट 18,000 रुपये प्रत्यक्ष सब्सिडी मिलती है। इससे ज्यादा क्षमता के सिस्टम पर कुल सब्सिडी 78,000 रुपये तक सीमित है। पीएम सूर्यघर योजना के तहत लगे रूफटॉप सोलर सिस्टम के साथ पांच साल तक निशुल्क संचालन व रखरखाव शामिल होता है। रूफटॉप सोलर उपभोक्ता को स्वच्छ बिजली बनाने और देश के एनर्जी ट्रांजिशन में शामिल होने के साथ-साथ आय का भी मौका देता है। लगभग 20 राज्यों में यह सुविधा है कि रूफटॉप सोलर से उत्पादित अतिरिक्त बिजली को विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) को बेचा जा सकता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी उपभोक्ता की मासिक बिजली खपत 100 यूनिट है और उसका एक किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर 120 यूनिट बिजली पैदा करता है तो वह अपनी जरूरत पूरी करने के बाद बची 20 यूनिट बिजली को डिस्कॉम को बेच सकता है। ध्यान देने वाली बात है कि रूफटॉप सोलर सिस्टम के साथ दो तरह के मीटर-नेट मीटरिंग और ग्रॉस मीटरिंग - लगते हैं। नेट मीटरिंग में सोलर रूफटॉप से उत्पादित जो अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जाती है, उसे ग्रिड से घर में इस्तेमाल की गई कुल बिजली में से घटा दिया जाता है। अगर कोई उपभोक्ता अपने रूफटॉप सोलर से घरेलू खर्च से ज्यादा बिजली पैदा करता है, तो अतिरिक्त बिजली यूनिट उसके खाते में जमा हो जाती है। कुछ राज्यों में डिस्कॉम इसके लिए ग्राहकों को भुगतान भी कर सकते हैं। हालांकि, इसकी राज्यवार दरें अलग-अलग हैं। ग्रॉस मीटरिंग में रूफटॉप सोलर से उत्पादित कुल बिजली ग्रिड में चली जाती है, जिसका ग्राहक को एक निर्धारित दर से भुगतान होता है। अब ग्राहक ग्रिड से जो बिजली इस्तेमाल करता है, वह उसके लिए अलग से भुगतान करता है। हालांकि, ग्रिड में भेजी गई और ग्रिड से ली गई बिजली की दरें अलग-अलग होती हैं। रूफटॉप सोलर की स्थापना में तेजी लाने के लिए, सबसे पहले सभी राज्यों में नेट मीटरिंग सिस्टम को आसान बनाने की जरूरत है। सभी राज्यों में अच्छे गुणवत्ता वाले वेंडर्स की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। रूफटॉप सोलर लगाने के लिए ग्राहकों को ध्यान रखना चाहिए कि 1 किलोवाट के सोलर सिस्टम के लिए लगभग 100 वर्गफीट जगह की जरूरत होती है। सब्सिडी लेने के लिए बिजली कनेक्शन, बैंक खाता, बिजली बिल व आईडी प्रूफ में नाम एक समान और सोलर पैनल भारत में बने होने चाहिए।

# विकास व शांति का रोडमैप ज़रूरी

इस सदी के 25 वर्ष गुजरने जा रहे हैं। चुनौतियां बढ़ेंगी। घटने वाली नहीं हैं। हिंसा के रूप बदल सकते हैं, लेकिन हिंसा बढ़ेगी, घटेगी नहीं। इसे नकारात्मक रूप से यदि हम अपने मन में बैठा लेंगे तो स्थितियां सामान्य भी नहीं होने वाली हैं बल्कि हमारे सामर्थ्य घटेंगे। हमने नए वर्ष का स्वागत कर लिया। नए उल्लास के साथ सबके मंगल की कामना करें, जो कि भारतीय रीति भी है लेकिन हमारा अब दायित्व यह आ गया है कि वर्ष 2025 में वर्ष 2100 वाली पीढ़ी के लिए अहिंसक, निर्भय, अर्थवान, प्रज्ञाशील व शांति से युक्त रोडमैप तैयार करें जिससे साभ्यातिक श्रेष्ठता आज हमें जतानी जो पड़ रही है, वह स्वतः सिद्ध हो।

इक्कीसवीं सदी के 25वें वर्ष का पड़ाव आ गया। जब 21वीं सदी में हम प्रवेश कर रहे थे तो हम पृथ्वी के लोग बहुत से ऐसे हिंसक चुनौतियों के दौर से गुजर रहे थे जिस पर हमारी आज की चिंताएं मामूली लगती हैं। असाध्य जैसा जो था, उसे कतिपय कारणों से हमने कम करने की कोशिश की, लेकिन 2030 के सतत विकास का लक्ष्य भी कोई भी देश पूर्णतया नहीं हासिल कर सका, यह सच्चाई है। इस सदी के 25 वर्ष गुजरने जा रहे हैं। चुनौतियां बढ़ेंगी। घटने वाली नहीं हैं। हिंसा के रूप बदल सकते हैं, लेकिन हिंसा बढ़ेगी, घटेगी नहीं। इसे नकारात्मक रूप से यदि हम अपने मन में बैठा लेंगे तो स्थितियां सामान्य भी नहीं होने वाली हैं बल्कि हमारे सामर्थ्य घटेंगे।

जैसा कि सम्पूर्ण विश्व आज आकलन कर रह है कि हमारे पृथ्वी के खतरे बढ़े हैं। तापमान बढ़ा है। समुद्र खौल रहे हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। यह प्रकृति का रूठना हमारे लिए भारी पड़ने वाला है। अब इसके कारणों में यदि जाकर विश्लेषण करें तो हमारे अपने क्रिया-कलाप ही इसके जिम्मेदार माने जाएंगे, कोई दूसरा इसके लिए दोषी नहीं कहा जाएगा। अपने सामर्थ्य से अधिक चुनौतियों का सामना करने की हम पृथ्वी के लोग हुंकार भरते रहते हैं, यह किसी समस्या का अंत करने वाला नहीं है। समस्या का अंत तो एक्शन से होने वाला है। एक्शन हमारे जीरो हैं। बातें बड़ी-बड़ी हैं। किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को यह चिंता असहज कर सकती है, लेकिन असहज प्रकृति और पृथ्वी बनाने वाले शायद जब सोचना शुरू करेंगे तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। हमारी अधुनातन संस्कृति हमें भोग और विलासिता की दासी बन चुकी है। हमारी इच्छाओं ने हमें अपना दास बना दिया है। हमारे मूल्यों का पतन इस प्रकार हुआ है कि हमने सही दिशा में सोचना-समझना बंद कर दिया है। व्यक्ति-व्यक्ति से दूर हो चुका है। राष्ट्रों के बीच जो संधियां हैं वे केवल स्वार्थों में लिपटी हैं। वे सहयोग भाव से किसी राष्ट्र से नहीं जुड़े हैं। वे तो अपनी मार्केट एक्जिस्टेन्स के हिसाब से जुड़े हुए हैं। यह जो मार्केट है, यह हिंसा की जड़ है। द्वेष बढ़ाने का जरिया हैं, कोई माने या न माने। यह मार्केट पूरी पृथ्वी की सांस्कृतिक विरासत को चोट पहुंचाने जा रही है। इस सदी का देखते-देखते एक चौथाई वक्त बीत गया है। मार्केट मोड भी अब बदल रहे हैं। छोटे-छोटे विज्ञापनों से आदिवासी लोगों की मनोभावनाओं पर वर्चस्व की राजनीति 2000 के बाद ज्यादा तेज हो गई थी भारत समेत दुनिया की उस आबादी तक जहां टेलीविजन ने अपने पांव पसार लिए थे, लेकिन यह तो छोटे व्यापार की कड़ी इससे तैयार हो रही थी। अब जब दुनिया में मार्केट मोड बड़े हथियारों को बेचने में लगे हैं। ग्रीनबेल्ट के ठेके हो रहे हैं और संसाधनों पर तेजी से कब्जा करने की संस्कृति डिप्लोमेटिक तरीके से सेंध लगा रही है, तो सोचिए हिंसा का अनुपात किस प्रकार नए मोड में नया विस्तार पकड़ेगा? वर्चस्ववादी संस्कृति की हिंसा कुटिल भी होती है और जटिल भी होती है। वर्चस्ववादी संस्कृति का मनोविज्ञान बहुत ही क्रूर होता है। क्रूरता ही तो हिंसा है। इसमें फिर संदेह कहां रह जाता है कि हिंसा से मुक्त एक नया संसार भी इनसे बसेगा? मार्केट के माध्यम से



हिंसा की यह खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। तीसरी दुनिया के लोग इससे सतर्क हो जाएं। पुनरोद्धार के नाम पर, परिवर्तन के नाम पर, नई बीमारियों के आड़ में या फिर नए विमर्श के साथ वर्चस्व की राजनीति की जाती है। वर्चस्ववादी देशों के माध्यम से वर्चस्ववादी कॉर्पोरेट के लोग बहुत ही आहिस्ता से अपना कदम रखते हैं और अपनी तरह की हिंसा का उत्खनन और उत्पादन करके अपनी लूट शुरू करते हैं। इसके लिए बड़े पैमाने पर एग्रीमेंट होते हैं। पर्यावरण के बचाव के लिए कॉर्पोरेट सहयोग की वकालत पिछले दिनों हुई थी। उसके सहारे कॉर्पोरेट के दूसरे एग्रीमेंट भी हुए हैं। वे अपने लिए विस्तार के माध्यम चुनते हैं और राज्यों के साथ जो समझौते करते हैं, उस समझौते के पीछे उनके हेतु जो जुड़े होते हैं, वे हानिकारक होते हैं। आमजन उसे बिल्कुल नहीं समझता, क्योंकि उसके लिए एग्रीमेंट कौनसा और कैसा हो रहा है, वह एक अबूझ पहेली होती है। संसाधनों का दोहन फिर शुरू हो जाता है। गरीबी और भुखमरी की ज्यादातर जटिल समस्याओं के पीछे ये कॉर्पोरेट जगत के लोग हैं। हिंसा के मार्केट ने धीरे से अपना पांव जमाया। किसी को पता भी नहीं चला। यह होता है मंथर चाल से कब्जे की संस्कृति का चरित्र। इस प्रकार के बदलते हिंसा के स्वरूप जिस प्रकार से बढ़े हैं, बिल्कुल चौंकाने वाले हैं। अफ्रीकी देशों में इसके असर बड़े पैमाने पर देखने को मिले हैं। उदारवाद ने हिंसा को ज्यादा उगने, फलने-फूलने और विस्तारित होने दिया। 2025 इस सदी का निर्णायक वर्ष होना चाहिए जब उदारवाद को नए तरीके से परिभाषित किया जाए, नहीं तो हिंसा के व्याकरण आने वाले समय में समझने में आसानी नहीं होगी। अहिंसा की इच्छा फिर एक इच्छा रह जाएगी। 2025 इस सदी का वह समय है जब हम अपने वर्ष 2100 के समय की पीढ़ी के इतिहास, भूगोल, संस्कृति और उनके भाग्य के लिए अपना विजन प्लान तैयार करेंगे। इसे यूं ही निकलने देने से एक बड़ा नुकसान आने वाली पीढ़ी के लिए होने वाला है, जिसका शायद आज हम अंदाज़ा नहीं लगा पा रहे हैं। पृथ्वी के लोगों के मन, मस्तिष्क, जीवन-आचरण की भौतिक व आध्यात्मिक शक्ति का निरूपण वर्ष है 2025। इस पड़ाव पर अपने हेतु यदि सही हुए तो एक बर्बर व जटिल समाज से निकलकर हम नए सहिष्णु व शांतिप्रिय समाज का निर्माण कर सकेंगे। शायद यही समाज हिंसक समाज के बरक्स अहिंसक समाज की परिभाषा बने। जल, जंगल, जलवायु, कृषि, विज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति, अध्यात्म और अनेक विषद विषयों पर नई सोच के लिए एक नई उर्वर जमीन तैयार करना कोई आसान बात नहीं है। राज्यों का क्या है। सत्तासुख में सिमटी सरकारें अपने समय का सच्चा लाभ लेकर किनारे होने के लिए तैयार हैं। वे इन विषयों में आमूलचूल परिवर्तन के लिए कोई कदम उठाने के लिए तैयार बिल्कुल नहीं हैं। राज्यों की विवशता कॉर्पोरेट घराने हैं जो विकास के नए पैमाने तय करके और चमकदार भविष्य के सपने दिखाकर अपना काम बना लेते हैं।

उलझे हुए संघर्ष, संगठित अपराध, शहरी और घरेलू हिंसा, हिंसक उग्रवाद, नई तकनीकें व एआईजनित हिंसा,परमाणु खतरे के मामले तेजी से हमारे लिए चुनौती बन रहे हैं। संघर्ष और हिंसा की प्रकृति में व्यापक बदलाव आया है। संघर्ष यदि कम घातक होते नज़र आ रहे हैं तो अक्सर राज्यों के बजाय घरेलू समूहों के बीच के संघर्ष हमारी नींद उड़ने वाले होते हैं। हमने नए वर्ष का स्वागत कर लिया। नए उल्लास के साथ सबके मंगल की कामना करें, जो कि भारतीय रीति भी है लेकिन हमारा अब दायित्व यह आ गया है कि वर्ष 2025 में वर्ष 2100 वाली पीढ़ी के लिए अहिंसक, निर्भय, अर्थवान, प्रज्ञाशील व शांति से युक्त रोडमैप तैयार करें जिससे साभ्यातिक श्रेष्ठता आज हमें जतानी जो पड़ रही है, वह जतानी न पड़े बल्कि वह स्वतः सिद्ध हो।

## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें

एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएं ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

# करोड़ों लोगों को नहीं मिल रहा पर्याप्त आयोडीन

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनिया में लगभग 188 करोड़ लोगों को भोजन में पर्याप्त आयोडीन नहीं मिल पा रहा है। इनमें 24.1 करोड़ स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी लोगों को आयोडीन डेफिशिएंसी डिसऑर्डर का खतरा है। इसके कारण घेंघा और हाइपोथायरॉइडिज्म जैसी समस्याएं हो सकती हैं। भारत के सॉल्ट कमिश्नर ऑफिस के मुताबिक, देश के लगभग 20 करोड़ से ज्यादा लोगों को आयोडीन डेफिशिएंसी डिसऑर्डर का खतरा है। 7 करोड़ से ज्यादा लोग घेंघा से और आयोडीन की कमी से होने वाले अन्य डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। आयोडीन एक ट्रेस मिनरल है, यानी ऐसा मिनरल जो शरीर को बहुत कम मात्रा में चाहिए। इसके बावजूद यह हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। आयोडीन की कमी होने पर ड्डष्ठ का जोखिम बढ़ सकता है। ऐसा होने पर शरीर मूड स्विंग्स और चिड़चिड़ाहट जैसे इशारे करता है। इन्हें पहचानना जरूरी है। सर्दियों का आयोडीन की कमी से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इस मौसम में आयोडीन की कमी से होने वाली बीमारियों के लक्षण बढ़ सकते हैं। असल में ठंड बढ़ने पर थायरॉइड ग्लैंड के फंक्शन पर असर पड़ता है, जिसके कारण घेंघा के लक्षण गंभीर हो सकते हैं। एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ. साकेत कांत कहते हैं कि हमारा शरीर हर मुश्किल में मदद के लिए कुछ इशारे करता है। कई बार हम इन्हें पहचान नहीं पाते हैं या फिर ये इतने कॉमन लक्षण होते हैं कि इग्नोर कर देते हैं। ऐसे मामलों में समस्या बड़ा रूप ले लेती है। फिर इलाज में ज्यादा मुश्किल होती है। अगर आंखों और चेहरे पर सूजन हो गई है और कई दिन बीतने पर भी खत्म नहीं हो रही है तो इसका मतलब हो सकता है कि आयोडीन की कमी के कारण थायरॉइड को अपने कामकाज में मुश्किल हो रही है। आयोडीन का लेवल कम होने से शरीर का फ्लूइड बैलेंस बिगड़ जाता है। इससे आंखों और चेहरे पर सूजन हो जाती है। अगर अक्सर गला बैठ जाता है या गले में गांठ सी दिखने लगती है तो ये घेंघा के लक्षण हो सकते हैं। इसमें थायरॉइड ग्लैंड में सूजन हो जाती है, जो गांठ की तरह दिखती है और आवाज बदल जाती है। यह आयोडीन की कमी का इशारा है। डॉक्टर से तुरंत कंसल्ट करें। अगर अक्सर महसूस होता है कि आपकी हार्ट बीट स्लो हो रही है तो यह आयोडीन की कमी के कारण हो सकता है। हार्ट बीट मेंटेन करने में थायरॉइड ग्लैंड का बड़ा रोल होता है। अगर आयोडीन की कमी से थायरॉइड ग्लैंड प्रभावित होगी तो उसका असर हार्ट बीट पर भी पड़ेगा। ऐसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। अगर बेवजह मूड स्विंग्स होते हैं और चिड़चिड़ाहट महसूस होती है तो ये आयोडीन की कमी का संकेत हो सकता है। आयोडीन की कमी



के कारण ब्रेन के केमिकल्स में अस्थिरता पैदा होती है। अगर ऐसा हो रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करिए। अगर अचानक बैठे-बैठे हाथ-पैर में झुनझुनी होने लगती है या ये सुन्न हो जाते हैं तो यह आयोडीन की कमी के कारण हो सकता है। असल में थायरॉइड हॉर्मोन कम होने के कारण नर्व फंक्शनिंग कमजोर हो जाती है। इसलिए झुनझुनी जैसे लक्षण दिखते हैं। ऐसा होने पर डॉक्टर से कंसल्ट करें। आयोडीन की कमी के कारण महिलाओं के पीरियड्स में अनियमितता हो सकती है। मेंस्ट्रुअल फ्लो बहुत ज्यादा हो सकता है। यहां तक कि कंसीव करने में भी समस्या हो सकती है। थायरॉइड हॉर्मोन्स का रीप्रोडक्टिव हेल्थ में महत्वपूर्ण रोल होता है। ऐसा कुछ भी होने पर डॉक्टर से कंसल्ट करें। अगर भोजन में लगातार आयोडीन की कमी है तो शरीर पर्याप्त थायरॉइड हॉर्मोन नहीं बना सकता है। इसके कारण कई कॉम्प्लिकेशन हो सकते हैं। खासतौर पर प्रेग्नेंसी के दौरान गंभीर जोखिम पैदा हो सकते हैं। आमतौर पर डॉक्टर आयोडीन सप्लीमेंट्स के साथ आयोडीन की कमी का इलाज करते हैं। अगर लंबे समय से कमी है तो शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन्स की भी कमी हो सकती है। इसलिए डॉक्टर थायरॉइड हॉर्मोन सप्लीमेंट्स लेने की भी सलाह दे सकते हैं। अगर कोई बच्चा आयोडीन डेफिशिएंट पैदा हुआ है तो इस कंडीशन का इलाज थायरॉइड हॉर्मोन सप्लीमेंट्स से किया जा सकता है। अगर बच्चे की कंडीशन ज्यादा गंभीर है तो उसे जीवन भर थायरॉइड हॉर्मोन्स सप्लीमेंट्स लेने पड़ सकते हैं। अगर कोई आयोडीन डेफिशिएंट है तो भोजन या सप्लीमेंट्स के जरिए इसे पूरा किया जा सकता है। इससे धीरे-धीरे आयोडीन की कमी के कारण दिख रहे लक्षण भी कम हो जाएंगे। अगर आयोडीन डेफिशिएंसी का पता देर से चलता है तो इसके गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। अगर कोई महिला प्रेग्नेंट है तो आयोडीन की कमी के कारण बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो सकता है। ऐसे कुछ मामलों में देखा गया है कि बच्चे मृत पैदा होते हैं। इसके गंभीर प्रभाव से बचने के लिए भोजन या सप्लीमेंट्स के जरिए पर्याप्त आयोडीन का सेवन जरूरी है। हर किसी को उम्र के हिसाब से प्रतिदिन अलग मात्रा में आयोडीन की जरूरत होती है। एडल्ट्स को रोजाना 150 माइक्रोग्राम आयोडीन मिलना चाहिए।

CMYK
जनमार्ग सिटी न्यूज
JANMARG news
श्रीगंगानगर, बुधवार, 08 जनवरी 2025


# राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियम, संशोधन अधिसूचना जारी

## नए नियमों से खनिज सेक्टर को मिलेगा बूस्टअप, खनिज सेक्टर होगा निवेशोन्मुखी, प्रक्रिया होगी सरलीकृत, अग्रगामी, रोजगार व राजस्व के खुलेंगे नए अवसर

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर ।** राज्य सरकार ने राजस्थान खनिज नीति 2024 और राजस्थान एमसेण्ड नीति 2024 के प्रावधानों के अनुसार राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम, 2017 में आवश्यक प्रक्रियात्मक संशोधन जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री व खान मंत्री भजन लाल शर्मा ने नई सरकार के गठन के साथ ही प्रदेश में नई खनिज नीति लागू करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की घोषणा के क्रम में 4 दिसबंर 24 में नई खनिज और एम-सेण्ड नीति जारी करने के साथ ही अब राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में भी नई नीतियों के अनुरुप आवश्यक प्रावधान किये गए है। राज्य की नई खनिज नीति व अब नियमों में प्रावधानों से खनिजों के खोज कार्य में तेजी लाने, खनिज रियायतों का समय पर आवंटन, खनन क्षेत्रों के विकास, खनिज बजरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, खनन नियमों व परमिट व्यवस्था सहित प्रक्रिया को आसान व पारदर्शी बनाने, अवैध खनन, निगर्मन व भण्डारण के विरुद्ध जीरो टोलरेंस नीति अपनाने, खनन क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का उपयोग सहित प्रदेश में खनिज क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, रोजगार और राजस्व बढ़ाने की राह प्रशस्त हो गई है। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियम 2017 में आवश्यक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नए प्रावधानों के अनुसार समस्त रॉयल्टी पेड खनिजों के परिवहन में लागू ई-टी.पी. की व्यवस्था को ई-वे बिल के परिप्रेक्ष्य में खनिज बजरी, मेसेनरी स्टोन की गिट्टी/ग्रिट/क्रशर डस्ट/एम-सेण्ड तक सीमित किया गया है। स्ट्रीप ऑफ लैण्ड के वर्तमान प्रावधान से सम्भावित राजस्व हानि देखते हुए इसे समाप्त कर गैप क्षेत्र के आवंटन में रिजर्व प्राईस डेड रेन्ट/लाईसेंस फीस को 10 गुणा से बढाकर 25 गुणा किया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में अवैध खनन को रोकने हेतु खनन पट्टा आवंटित करने की गाईडलाईन जारी की जाएगी। एम-सेण्ड नीति के प्रावधान अनुसार प्रत्येक जिले में प्रतिवर्ष 2 प्लॉट के स्थान पर 5 प्लॉट का आरक्षण कर नीलामी तथा नये ब्लॉक्स में खनन गतिविधियां तुरन्त प्रभाव से प्रारम्भ करने हेतु खनन की आवश्यक अनुमोदन/ सहमतियां प्राप्त करने के पश्चात् नीलामी की जाएगी। खातेदारी भूमि से, छोटे-छोटे पोकेट्स में घिरी हुई सरकारी भूमि को सम्बन्धित खातेदार अथवा उसके सहमति धारक को आवंटित किया जा सकेगा। खनिज बजरी के खनन पट्टों की सीमित पट्टावधि के दृष्टिगत, क्षेत्र स्वीकृति से पूर्व पर्यावरण सहमति प्राप्त करने तथा अप्रधान खनिजों की नई खनन रियायतों में खनन समय पर प्रारम्भ करने हेतु मंशा पत्र की वैधता की अधिकतम समय सीमा 5 वर्ष निर्धारित किया गया है। खातेदारी भूमि में खनिज रियायतों की स्वीकृति के दौरान प्रीमियम राशि के भुगतान की समयावधि नीलामी से स्वीकृत खनिज रियायतों की समयावधि के अनुरूप की गई है। नए प्रावधानों के अनुसार जनजाति क्षेत्र में अप्रधान खनिज की रियायतों की नीलामी में स्थानीय निवासियों की भागीदारी के लिए बिड सिक्योरिटी 10 लाख से घटाकर 5 लाख तथा खनिज रियायतों के प्लॉट्स की नीलामी में फर्जी बिड रोकने हेतु 30 करोड से अधिक की बोली पर बिड सिक्योरिटी की राशि, प्रस्तुत बिड राशि की 25 प्रतिशत निर्धारित की गई है। नई व पुरानी खनिज रियायतों में परफोरमेन्स सिक्योरिटी की राशि में विषमता को समाप्त कर सभी में डेड रेन्ट/लाईसेंस फीस का 50 प्रतिशत करने के प्रावधान किया है। सरेण्डर आवेदन पत्र के निस्तारण की समय सीमा निर्धारण, सरेण्डर पर खानों के डेड रेन्ट की गणना आनुपातिक रूप से करने के प्रावधान किया गया है। खनन पट्टा प्रारम्भ होने अथवा प्रारम्भ होने के पश्चात् लगातार दो वर्ष की अवधि तक खनिज का उत्पादन/निर्गमन नहीं करने पर खानों को लैप्स व रिवाईव करने, खनन पट्टों के हस्तान्तरण की संविदा निष्पादन व पंजीयन में विलम्ब पर लेट फीस निर्धारित करते हुए अनुमति देने, सडक, आबादी, तालाब व अन्य स्थानों से 45 मीटर की दूरी में खनिज रियायतें स्वीकृत नहीं करने तथा खानों को उच्चाधिकारी के अनुमोदन पश्चात निरस्त करने के अधिकार प्रदान किया गया है। माईन प्लान में जीरो वेस्ट माईनिंग प्रैक्टिस पर जोर, नीलामी में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रक्रिया को ओर अधिक पारदर्शी बनाने हेतु रॉयल्टी वसूली ठेकेदारों का विभाग के साथ पंजीयन की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त किया गया है। निजी क्षेत्र, विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए खनिज मुर्रम के परमिट देने, फोरलेन/सिक्सलेन/रेलवे एम्बेकमेंट में प्रयुक्त साधारण मिट्टी हेतु खातेदारी भूमि में परमिट की बाध्यता हटाने, निर्माण कार्यों के लिए अल्पावधि अनुमति पत्रों में देय परमिट फीस के सरलीकरण, खानों के अन्दर एवं बाहर पडे हुए ऑवरबर्डन के निस्तारण, एम-सेण्ड प्लान्ट के लिए सरकारी भूमि में पडे हुए ऑवरबर्डन की वर्तमान नीलामी में रिजर्व प्राईस डेड रेन्ट के बराबर के स्थान पर 50 प्रतिशत डेड रेन्ट व इनमें रॉयल्टी राशि 50 प्रतिशत निर्धारित करने, कीननेस मनी की राशि 2 लाख के स्थान पर एक लाख किया गया है। खनिज जिप्सम की भांति अन्य सतही अप्रधान खनिजों के परमिट स्वीकृति के लिए गाईडलाईन जारी की जाएगी।

# कबड्डी टूर्नामेंट एवं नाटक से नशामुक्त समाज का संदेश



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** 18जीजी गोविंदपुरा में युवाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत कबड्डी टूर्नामेंट और प्रेरणादायक नाटक का आयोजन करवाया गया। नशे के खिलाफ कार्यक्रम ने सामाजिक चेतना का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अनूठे आयोजन में खेल और कला का समावेश था नशा मुक्त गंगानगर अभियान ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से विक्रम ज्याणी ने संबोधित करते हुए बताया कि जिला प्रशासन जिला पुलिस श्री गंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और जिला पुलिस अधीक्षक श्री गौरव यादव के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने और युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। और नाटक के माध्यम से नशा मुक्त और नशा युक्त जीवन का अंतर समझाया कार्यक्रम के दौरान विक्रम ज्याणी, लक्ष्या ज्याणी, सहीराम, और नीलम सहारण ने एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। नाटक ने नशे के आदी जीवन और नशा मुक्त जीवन के बीच का अंतर बहुत ही सरल और प्रभावशाली तरीके से दिखाया। नशा जीवन का जहर है, इसे कभी न अपनाएं। जो दोस्त नशे के लिए प्रेरित करे, वह आपका दुश्मन है। ऐसे लोगों को पहचानें और उनसे दूरी बनाएं। सफलता वही है जो बिना नशे के मिलती है।नशा केवल शरीर को ही नहीं, सपनों को भी तोड़ देता है। समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए नशा मुक्त रहना जरूरी है।दर्शकों ने इसे सराहा और गहराई से जुड़ाव महसूस किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं ने नशे से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया। उन्होंने शपथ ली कि वे न केवल खुद नशा मुक्त रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। खेल का मुख्य आकर्षण कबड्डी टूर्नामेंट रहा, जिसमें युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। खेल के माध्यम से नशे से दूर रहते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। टीम भावना, अनुशासन, और प्रतिस्पर्धात्मकता ने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का धन्यवाद किया और इस मुहिम को लगातार जारी रखने का प्रण लिया।

# गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में सजाया कीर्तन दीवान



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** खालसा पंथ के संस्थापक व सिख कौम के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358वें प्रकाशोत्सव पर सोमवार शाम को विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब मुक्तसर साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई हरजिंदर सिंह ने शबद कीर्तन द्वारा संगत को गुरु साहिब के जीवन से जुड़े इतिहास से रू-ब-रू करवाया। इनसे पहले गुरुद्वारा साहिब के हजूरी कथावाचक भाई संतोख सिंह व रागी जत्था भाई हरविंदर सिंह हीरा ने भी कथा-कीर्तन द्वारा गुरु जस महिमा का गुणगान किया। गुरुद्वारा साहिब के प्रधान गुरबचनसिंह वासन ने बताया कि सोमवार रात के दीवान में कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में संगत ने गुरूद्वारा साहिब में पंहुचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेकते हुए इलाके की सुख समृद्धि और स्वास्थ्य के लिए अरदास की। उसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

# आंगनबाड़ी कार्मिकों की समस्या को लेकर पदाधिकारी हुए लामबंद

## 21 को जयपुर में करेंगे प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** अखिल राजस्थान महिला एव बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रविवार को गणगौर होटल जयपुर में हुई, जिसमें संगठन के संरक्षक व संस्थापक छोटीलाल बुनकर ने आंगनबाछ़ी कार्मिकों को कार्य के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर सरकार से मिलकर समस्या के समाधान का करवाने और मांगे नहीं मानने पर सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव प्रदेश मंत्री चन्द्र कुमारी चारण, कोटा संभागीय संगठन प्रभारी भगवती जोशी, सूरतगढ ब्लॉक महामंत्री अमरपाल कौर, आंगनबाछ़ी कार्यकर्ता सरबजीत कौर, करमजीत कौर समेत प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आंगनबाछ़ी कार्मिकों की समस्या को लेकर 21 जनवरी को महिला एव बाल विकास निदेशालय पर कार्मिकों का धरना प्रदर्शन होगा व सरकार तक अपनी मांग रखेंगे। संस्थापक सीएल बुनकर ने कहा कि ना तो आंगनबाड़ी कार्मिकों का मानदेय बढ़ाया जा रहा है और न ही उन्हें रिटायरमेंट के बाद कोई राशि दी जा रही है, जिसके चलते खाली हाथ कार्मिक को घर बैठना पछ़ रहा है। उन्होंने नियमित राज्य कर्मचारी बनाने की मांग मुख्य रखी है। वहीं सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए आंगनबाछ़ी कार्मिक विरोधी सरकार बताया जा रहा है, जबकि आंगनबाड़ी कार्मिक सबसे बछ़ा सूचना तंत्र का काम करती है और इन्हें ही उपेक्षित रखा जा रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। सरकार को इनके हित में भी कोई कदम उठाना चाहिए।

# स्वयं सेवी शिक्षण संस्था संघ बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** स्वयं सेवी शिक्षण संस्था संघ जिला श्रीगंगानगर की बैठक सोमवार को पुरानी आबादी स्थित संघ के कार्यालय में प्रदेश सचिव श्री अरुण गोदारा जी की अध्यक्षता में हुई । बैठक में श्रीगंगानगर से ब्लॉक अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव राजेन्द्र चाहर, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा, प्रवीण, जगदीश सिडाना, जसराम नायक,अजय सिंगाठिया,सुभाष भाटिया,कुलदीप, धूड़ाराम , रामवीर सिंह , गुरदयाल, अर्जुन सिंह,अलोक शर्मा, संजीव गुम्बर, संदीप बंसल, बंता सिंह, ज्ञान, सूरतगढ़ ब्लॉक से अरूण गौड़ शामिल हुए।

उपस्थित सभी साथियों ने सर्वसहमति से निम्न जिला पदाधिकारीयों को निम्न पद संजीव गुंबर जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप सैनी जिला कोषाध्यक्ष, सुभाष भाटिया जिला प्रवक्ता, संदीप बंसल जिला सचिव को ग्रहण करवा कर जिला कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में जिला महासचिव बंता सिंह जी द्वारा बताया गया कि अति शीघ्र जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष रवि काजला ने बताया कि ' प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए ब्लॉक कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा को अनेक निजी शिक्षण संस्था संचालकों ने आर्थिक सहयोग जमा करवाया। अन्य शिक्षण संस्थाएँ भी ब्लॉक कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा को अपनी सहयोग राशि जमा करवा सकते हैं।

# भाजपा नेता महेश सारस्वत की दुकान में अवैध रूप से घुसा पुलिसकर्मी

## कार्यवाही की मांग को लेकर एसपी के नाम सीओ सिटी को सौंपा पत्र

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सोमवार के शहर के प्रतिष्ठित लोगो का शिष्टमंडल भाजपा नेता महेश पेछ़ीवाल के नेतृत्व में सीओ सिटी बी आदित्या से मिला और सदर थाने के पुलिसकर्मी रामकुमार द्वारा यूआईटी रोछ़ बालाजी डेयरी में रविवार रात्रि 8 बजे अवैध तरीके से पुलिस वर्दी में घुसकर दुकान के स्टाफ को डराया धमकाया और पुलिसकर्मी से पैसे मांगने पर दुकानदार पर मुकदमा बनाने की धमकी देने वाले कि शिकायत की है।

वही भाजपा नेता महेश सारस्वत ने बताया कि वे भाजपा के कार्यकर्ता है और युवा मोर्चा के पूर्व जिला प्रवक्ता है जबकि भाजपा राज में उनके ही प्रतिष्ठान में इस तरफ पुलिसकर्मी ने जबरन घुसकर तांडव किया उसका सीसीटीवी फुटैज भी दुकान के कैमरों में लगे हुए है।




सीओ सिटी आईपीएस बी आदित्या ने बताया कि उक्त मामले की जांच कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

शिष्टमंडल में व्यापार मंडल के अध्यक्ष तरसेम गुप्ता, दूध सप्लाई यूनियन के प्रधान सुभाष स्वामी, पूर्व पार्षद प्रेम घोछ़ेला,श्रवण पारीक, रजत स्वामी एडवोकेट, कृष्ण मील, खाद्य पेयजल विक्रेता संघ के अध्यक्ष अशोक शर्मा, राजाराम ज्याणी, रोमी चुघ, लायंस क्लब के अमनप्रीत सिंह, पूर्व पार्षद कृष्ण कुमार गुल्लू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# प्रकाशोत्सव पर कालियां में निकाला नगर कीर्तन, संगत ने किया स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दशम पातशाही साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर निकटवर्ती गांव कालियां में सोमवार को गांव के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से पंज प्यारों की अगुवाई में आलौकिक नगर कीर्तन निकाला गया, जोकि गांव के मुख्य मार्गों की परिक्रमा करते हुए गुरुद्वारा अमर शहीद बाबा जीवन सिंह में पंहुचा, जहां गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी बाबा छिन्द्रपाल सिंह सहित श्रीगंगानगर पंचायत समिति डायरेक्टर रणजीत मद्धू, कालियां सरपंच पवनदीप सिंह गिल, सेवादार बलविंदर सिंह मद्धू, बोहड़ सिंह मान, पूर्व सरपंच जोगेंद्र सिंह गिल, सुखदेव सिंह व त्रिलोचन सिंह ने नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंज प्यारों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सैंकड़ों की तादाद में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका तथा गतका पार्टी ने गतका के हैरतअंगेज जौहर दिखाए। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से नगर कीर्तन में शामिल संगत में ब्रैड पकौड़े व चाय का प्रसाद वितरित किया गया।

# श्रीराम कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम की बाल लीला प्रसंग में श्रद्धालु हुए आनंदित

## भगवान भक्तों की रक्षा तथा धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विनोबा बस्ती स्थित श्रीदुर्गा मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्रीराम की बाल लीला प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास पं. मनोज दुबे (अयोध्यावाले) ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का जीवंत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने सभी भाइयों सहित अयोध्यावासियों को बाल लीला का आलौकिक आनंद प्रदान किया। उन्होंने भगवान राम द्वारा विश्वामित्र जी के यज्ञ की रक्षा करने, ताड़का सहित राक्षसों का वध आदि प्रसंगों द्वारा बताया कि भगवान भक्तों की रक्षा तथा धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। वृंदावन से पधारे भजन गायकों ने भजनों द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आरती के पश्चात् भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, श्री दुर्गा मंदिर सेवादार मण्डल, बजरंग दल, श्री राधे भजन मण्डल, श्री दुर्गा संकीर्तन महिला मण्डल, सामाजिक एकता मंच आदि सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। समस्त शहरवासियों से 11 जनवरी, 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3.15 से 6.15 बजे तक श्री दुर्गा मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

# प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** सोमवार को श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में जंक्शन भट्टा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी से एक विशाल पैदल नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। नगर कीर्तन प्रारंभ होने से पहले गुरुद्वारे में अरदास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति नगीना बाई ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए विशेष अरदास की और नगर कीर्तन को रवाना किया। नगर कीर्तन के मार्ग में श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

CMYK



हम दूसरों की केयर तो खूब करते हैं, लेकिन अपने आपको भूले रहते हैं या कहें सेल्फ केयर इग्नोर करते हैं। ऐसा करके हम मेंटली ही नहीं, फिजिकली अपना नुकसान करते हैं, एक तरह से अपनी खुशियां खोते हैं। सेल्फ केयर क्यों जरूरी है, सेल्फ केयर कैसे करें, हम सभी को अपनी हैप्पी लाइफ के लिए यह जरूर जानना चाहिए।

# हैप्पी लाइफ के लिए जरूरी है सेल्फ केयर

जिंदगी को खुशनुमा बनाने के लिए सेल्फ केयर करना बहुत जरूरी है। जितना हम अपनी केयर पर ध्यान देंगे, उतना ही हमारी जिंदगी सुचारु रूप से चलेगी, हम आने वाली चुनौतियों का सामना आसानी से कर पाएंगे। आमतौर पर लोग सेल्फ केयर के मायने यही समझते हैं- पर्सनालिटी ग्रूमिंग या अट्रैक्टिव लुक। लेकिन असल में यह सेल्फ मेंटेनेंस है, मतलब ऐसी हैबिट्स, जो हमें अच्छा दिखने में सपोर्ट करती हैं। हम इस बात को समझें कि सेल्फ मेंटेनेंस, सेल्फ केयर का एक हिस्सा है, ओवरऑल सेल्फ केयर नहीं।



### सेल्फ केयर के सही मायने

सेल्फ केयर एक तरह की सोच है। जिसके तहत हम अपनी केयर करने की जिम्मेदारी को समझते हैं, उसे पूरा करने के लिए भरसक कदम उठाते हैं। डेली रूटीन में ऐसी एक्टिविटीज करते हैं या ऐसी हैबिट्स फॉलो करते हैं, जो हमें हमारा बेटर वर्जन बनाने में मदद करती हैं, जिनसे हमारी हेल्थ इंप्रूव होती है, हम अच्छा महसूस करते हैं और लाइफ को एंज्वॉय कर पाते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम जीवन के विभिन्न पहलुओं पर गौर करें और अपनी सेल्फ केयर करें।

### फिजिकल सेल्फ केयर

अपनी बॉडी का ख्याल रखना सबसे जरूरी है। हममें से कई लोग दूसरे द्वारा इग्नोर होने पर या किसी तरह का दुख आने पर अपनी केयर करना बंद कर देते हैं। यह कुछ समय के लिए तो ठीक है, लेकिन लगातार खुद पर ध्यान ना देने पर यह आपकी आदत बन जाती है, इससे कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए कोशिश करें कि चाहे कुछ भी हो जाए, अपनी फिजिकल हेल्थ का ध्यान रखें। रेग्युलर जिमिंग, योगा, एक्सरसाइज करें। अच्छी न्यूट्रिशियस डाइट लें, वर्कआउट करें, जंक फूड अवॉयड करें ताकि आप हेल्दी और फिट रहें।

### इमोशनल सेल्फ केयर

अपने इमोशंस का आपको खुद ख्याल रखना होता है। दूसरे आपको कैसे ट्रीट करते हैं, इससे कहीं ज्यादा यह जरूरी है कि आप खुद को कैसे ट्रीट करते हैं। हर समय दुखी और उदास मूड, आपको परेशान रखता है। कई बार आप इससे इरीटेट भी होने लगती हैं। आपका मन पूरी तरह एंज्वॉय करने को करता है, लेकिन ना चाहते हुए भी आप अपने मन को मारकर पूरा दिन यूं ही उदासी में बिता देती हैं। अपने इमोशंस को समझें, उन्हें इग्नोर ना करें। बाहर निकलें, घूमें-फिरें। अगर आपको किसी एक्टिविटी का शौक है तो उसके लिए समय निकालें। ऐसा करने से आप हमेशा खुश रहेंगी।

### स्प्रिचुअल सेल्फ केयर

स्प्रिचुएलिटी किसी जाति या धर्म से नहीं जुड़ी होती। हम चाहे हिंदू हों या किसी भी धर्म के हों, हमें नेचर के संपर्क में आने पर सुकून मिलता ही है। जैसे-जब हम किसी सी-बीच पर जाते हैं या पहाड़ी इलाके में या फिर बारिश के मौसम में अपने घर की छत पर चलने वाली हवा के संपर्क में भी काफी सुकून मिलने लगता है। यानी अपनी रूह को खुश रखने के लिए हमें नेचर के संपर्क में आना ही पड़ता है। कोशिश करें कि कहीं घूमने निकल जाएं या फिर किसी ऐसी जगह समय बिताएं, जहां आपको शांत और तनावमुक्त महसूस होता हो।



कुल मिलाकर ऐसी हैबिट डेवलप करें या वो स्टेप लें, जो स्प्रिचुअल ग्रोथ में हमें सपोर्ट करती हैं। ऐसी एक्टिविटीज करें, जो आत्मा के विकास से जुड़ी होती हैं। जैसे- माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करें, मेडिटेशन करें या रोजाना पूजा-अर्चना करें, धार्मिक यात्रा या तीर्थाटन पर जाएं, धार्मिक गुरुओं के सत्संग में जाएं, धार्मिक किताबें पढ़ें।

### इंटलेक्चुअल सेल्फ केयर

मेंटल हेल्थ पर फोकस करने, अपनी नॉलेज बढ़ाने या कुछ नया सीखने के लिए हम किताबें पढ़ें, कोई मनपसंद कोर्स करें, नई स्किल सीखें और नेट पर नई-नई चीजों, जगहों या ज्ञान को एक्सप्लोर करें, ताकि माइंड के होरिजॉन का विस्तार हो और बौद्धिक क्षमता बढ़े। फ्री टाइम मे मोटिवेशनल या इंस्पायरिंग वीडियोज देखें। इसके पीछे कुछ नया सीखने या नया क्रिएटिव वर्क करने का उद्देश्य रहता है। ये सारी एक्टिविटीज, आपके अंदर एक एनर्जी बनाए रखती हैं, जो आपके दिमाग को बिजी रखती हैं। आपको हमेशा कुछ जानने-सीखने का मौका मिलता है। ये एक्टिविटीज आपके दिमाग को शार्प भी करती हैं।



### सोशल सेल्फ केयर

इसमें वो एक्टिविटीज आती हैं, जो हमारी सोशल लाइफ से जुड़ी होती हैं। जिनसे हमारे रिलेशन तो स्ट्रॉन्ग होते ही हैं, उनके साथ अपनी बातें शेयर करके आप रिलैक्स भी होते हैं। जैसे-पैरेंट्स को रोज फोन करना, दोस्तों के साथ घूमना, सोशल गैदरिंग में शरीक होना। लेकिन सोशल लाइफ को अच्छा बनाने और खुद को मजबूत बनाने के लिए उन लोगों से दूरी बनाना भी जरूरी है, जो जीवन में कटुता घोलते हैं।

### सेंसरी सेल्फ केयर

हमारी पांच ज्ञानेंद्रियों से हमें देखने, छूने, बोलने, सुनने, सूंघने की क्षमता मिली हुई है। ये सभी फीलिंग्स, हमारे स्ट्रेस लेवल को बढ़ाने और घटाने का काम करती हैं। आप सेंसरी सेल्फ केयर कर सकती हैं जैसे-रात को सोते समय लाइट म्यूजिक सुनना, सुबह उठकर बाहर पार्क में गीली घास पर नंगे पैर चलना।

### फाइनेंसियल सेल्फ केयर

फाइनेंसियल केयर से हमारी लाइफ का फाइनेंस एरिया स्ट्रॉन्ग रहता है, इसके लिए हमें कदम उठाने चाहिए, जैसे-बजट बनाकर चलें या फाइनेंस को मैनेज करें, जिससे हमें पता चले कि कहां कितना खर्च करना है? कितना पैसा रिलैक्स होने या मनोरंजन के लिए खर्च करना है, कितना भविष्य के लिए सेविंग करनी है? जब हम इस तरह प्लान करके चलते हैं कि भविष्य के लिए हमारे फाइनेंसियल गोल्स क्या है, तो इस तरह के प्लान बनाकर चलना ही हमारी सेल्फ केयर एक्टिविटीज का हिस्सा बन जाते हैं, जो हमारी जिंदगी के फाइनेंसियल एरिया की क्वालिटी को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

---

भले ही समाज की सोच काफी बदली हो, लेकिन आज भी सिंगल मदर को लेकर लोगों की सोच नकारात्मक बनी हुई है। इस कारण सिंगल मदर के सामने बच्चों की परवरिश को लेकर कई तरह की चुनौतियां, समस्याएं आती हैं। वे इससे कैसे बचें, एक जरूरी सलाह।



# सिंगल मदर के लिए कितनी मुश्किल है बच्चों की परवरिश

इसमें कोई दो राय नहीं कि सिंगल मदर्स के लिए बच्चों की परवरिश आज भी मुश्किल है, क्योंकि अपने समाज में अभी भी सिंगल मदर को लेकर कई तरह की सामाजिक, आर्थिक और भावनात्मक चुनौतियां बनी हुई हैं। फिर भी सिंगल मदर्स ने अपने संघर्ष से पहले के मुकाबले स्थितियां थोड़ी अपने अनुकूल बना ली हैं। कुछ दशकों पहले की तरह आज सिंगल मदर्स के लिए अपने बच्चों की परवरिश असंभव नहीं है। लेकिन अभी भी उन्हें संघर्ष करना पड़ता है।



ऐसी स्थिति में हर सिंगल मदर को मानसिक रूप से पहले से तैयार रहना चाहिए। सिंगल मदर को अपने टीनएजर बच्चों से लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए। कई जरूरी बातों को बताते और समझाते रहना चाहिए।

**बता दें अपने अलगाव के बारे में:** सिंगल मदर को अपने टीनएजर बच्चों को अपने अलगाव के बारे में खुलकर सारी बातें बता देनी चाहिए। क्योंकि जब उन्हें यह सब पता नहीं होता तो वे ज्यादा उदास और कई बार बहुत ज्यादा बेचैन और तनाव से घिर जाते हैं। ऐसे बच्चे रिश्तों पर जल्दी से भरोसा नहीं कर पाते।

**उन्हें रिश्तेदारों से जोड़कर रखें:** सिंगल मदर्स के बच्चों का भरोसा रिश्तों के प्रति खोए नहीं, इसलिए उन्हें समय-समय पर अपने बच्चों को रिश्तेदारों के यहां ले जाना चाहिए। हर तरह के फैमिली फंक्शन में अपने बच्चों के साथ शामिल हों, जिससे उन्हें परिवार और रिश्तों के बारे में सकारात्मक अनुभव हो। सिंगल मदर्स की यह कोशिश होनी चाहिए कि उनके बच्चों की अपने कजिंस के साथ एक बॉन्डिंग हो। इसलिए कभी-कभी उन्हें घर बुलाएं या किसी फैमिली ट्रिप का प्लान करें।

**ब्लैकमेलिंग से बचें:** बढ़ती उम्र के साथ बच्चों की ख्वाहिशें बढ़ती हैं। हो सकता है वे आपसे ऐसी डिमांड करें, जिसे पूरा करना आपके लिए संभव ना हो। बच्चे भी आमतौर पर अपने घर की स्थितियों को जानते होते हैं, लेकिन कई बार कुछ चीजों को लेकर वे इतने पजेसिव हो जाते हैं कि उन्हें वो चीज हर हाल में चाहिए ही, इसके लिए वे कई बार ब्लैकमेलिंग भी करने लगते हैं। लेकिन आप इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट रहें, ना तो खुद ब्लैकमेल का शिकार हों और ना ही कभी उन्हें ब्लैकमेल करें।

**उन्हें समय दें:** सिंगल मदर को आर्थिक दायित्व निर्वाह के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसका मतलब यह नहीं है कि घर में समय ना दें। टीनएजर्स के मन में कई उलझनें होती हैं, जिन्हें वे किसी से बांटना चाहते हैं। इसलिए उन्हें पर्याप्त समय दें। वीकेंड पर उन्हें घुमाने ले जाएं, साथ मिलकर एक्सरसाइज करें, इससे सेहत और शेयरिंग बेहतर होगी। अगर बच्चे आपसे कुछ पूछने या जानने की कोशिश करें तो उन्हें बेधड़क सच-सच बता दें।

**• ओवर प्रोटेक्शन से बचें**

चूंकि सिंगल मदर के मन में बच्चों को बेहतर भविष्य देने का दबाव होता है ऐसे में कई बार वह ओवर प्रोटेक्टिव हो जाती हैं। बहुत सी चीजें बच्चे अपने अनुभवों से भी सीखते हैं। मां मार्गदर्शन कर सकती है, लेकिन हमेशा अंगुली पकड़ कर साथ नहीं चल सकती। जब बच्चों के सिर से ओवर प्रोटेक्शन की लेयर हट जाएगी तो वे कॉन्फिडेंस से भरपूर मजबूत इंसान बनेंगे, इंडिपेंडेंट भी होंगे।

---

# स्किन की करें प्रॉपर केयर निखरा दिखेगा आपका रूप

एक सप्ताह बाद वेडिंग सीजन शुरू हो जाएगा। जाहिर है, आपको भी मैरिज फंक्शंस और पार्टीज में जाना होगा। ऐसे ऑकेजंस में आपका रूप खिला-खिला नजर आए, इसके लिए आपको मौसम को देखते हुए अभी से अपनी स्किन की प्रॉपर केयर करनी होगी।

**एक्सफोलिएशन है जरूरी:** स्किन को हफ्ते में कम से कम दो बार एक्सफोलिएट कीजिए ताकि आपकी स्किन पर नेचुरल ग्लो आ सके। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसके लिए सैलसिलिक एसिड का उपयोग करके स्किन पर मौजूद ब्लैक स्पॉट्स को हटाकर निखार सकती हैं। अगर आपकी स्किन ड्राय है तो इसके लिए ग्लाइकॉल एसिड उपयोगी रहेगा। यह स्किन पर मौजूद झुर्रियों को रोकने में मदद करेगा। एक्सफोलिएशन करने से स्किन पर टोनर और मॉयश्चराइजर के भी बेहतरीन रिजल्ट मिलेंगे।



**करती रहें हाइड्रेट:** पार्टी में आपका मेकअप अट्रैक्टिव दिखे, इसके लिए पहले अपनी स्किन को हाइड्रेट करना कतई ना भूलें। हालांकि जाड़े में प्यास कम लगती है लेकिन स्किन हाइड्रेशन के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीती रहें। इसके अलावा जूस, सूप, नारियल पानी, खीरा आदि का नियमित सेवन करें और फेस पर भाप भी लेती रहें। चाय, कॉफी आदि के सेवन से परहेज करें क्योंकि यह आपकी स्किन को डीहाइड्रेट करते हैं।

**यूज करें सीरम:** अगर बिजी रहने की वजह से आप अपनी स्किन पर जरूरी ध्यान नहीं दे पाती हैं तो विटामिन-सी युक्त सीरम का अप्लाई करें। ये स्किन के भीतर तक असर करके इसकी नेचुरल ग्लो को निखारता है। इसके अलावा गुलाब जल, शहद और मिल्क पावडर को मिक्स करके तैयार किया मास्क फेस पर लगाकर 20 मिनट बाद धो डालिए। इससे भी आपकी स्किन ग्लो करेगी।

**आंखें नहीं दिखेंगी डल:** आप अपनी स्किन का पूरा ध्यान रखती हैं लेकिन अगर आपकी आंखें थकी दिखेंगी तो सारा लुक डल हो जाएगा। आंखों की डलनेस और थकान को दूर करने के लिए यूज्ड टी-बैग्स या खीरे की स्लाइसेस को अपनी आंखों पर कुछ देर के लिए रखें। इससे आपकी आंखें तरोताजा होंगी और उसके आस-पास डार्क सर्कल भी कम होंगे।

**प्रॉपर तरीके से करें मेकअप:** जब आपकी स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेट होगी, तभी आपका मेकअप अपीलिंग लगेगा। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि वेडिंग पार्टी में आपके मेकअप की रंगत, आपकी ड्रेस से मैचिंग होनी चाहिए। एक अच्छे प्राइमर से शुरुआत कीजिए ताकि आपका मेकअप परफेक्ट दिख सके। ऐसे ऑकेजंस पर मेकअप के लिए ऑयली फाउंडेशन से परहेज करें। अपने होंठों पर उसकी स्किन शेड से गहरी लिप लाइनर लगाएं और उसके बाद लिपस्टिक अप्लाई करें। इससे आपका ओवरऑल लुक अट्रैक्टिव दिखेगा।

---

हालांकि आज के दौर मे अधिकतर लोग स्ट्रेस मे दिखते हैं। लेकिन स्ट्रेस फ्री रहना बहुत टफ भी नही होता है। अगर आप अपनी लाइफस्टाइल मे कुछ बातों पर ध्यान देना शुरू कर दे तो स्ट्रेस फ्री रह सकती हैं। ऐसा कैसे संभव है, आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

# बहुत टफ नहीं स्ट्रेस फ्री रहना

हाल में ही शुरू हुए नए साल को लेकर आपने भी ढेरों सपने संजोए होंगे। इन्हें पूरा करने के लिए आपको स्ट्रेस फ्री होकर मेहनत करनी होगी। अगर आप यह सोच रही हैं कि आज के दौर में स्ट्रेस फ्री रहना तो बहुत टफ है, तो अपनी सोच बदल डालिए, क्योंकि अगर आप डेली लाइफ में कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना शुरू कर दें तो भी स्ट्रेस फ्री रह सकती हैं। इसके लिए आपको अपनी मानसिकता और रूटीन को सही दिशा में ढालना चाहिए।

**अपेक्षाएं कम रखें:** हालांकि हर नया साल, नई उम्मीदें और लक्ष्य लेकर आता है, लेकिन अगर आप अपनी अपेक्षाएं बहुत अधिक या हर किसी से रखेंगी तो निराशा का सामना करना पड़ सकता है। इससे तनाव बढ़ेगा। ऐसा ना हो इसके लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर सकें। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और तनाव कम होगा। हर किसी से ज्यादा अपेक्षा ना करें। इससे भी तनाव से आप बची रह सकती हैं।

**समय का प्रबंधन करें:** अगर रोजमर्रा के कामों के करने के समय का सही प्रबंधन नहीं किया जाता, तो तनाव बढ़ सकता है। अपनी दिनचर्या को प्राथमिकताओं के आधार पर व्यवस्थित करें और अनावश्यक कामों से बचें। समय को सही तरीके से मैनेज करने से आपके जरूरी काम समय पर पूरे हो जाएंगे और आप अधिक शांति महसूस करेंगी।



**स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं:** तनाव को कम करने के लिए सबसे जरूरी है एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाना। व्यायाम, योग, ध्यान और पर्याप्त नींद से मानसिक शांति मिलती है। नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से ना सिर्फ आपका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है।

**मनोबल बनाए रखें:** सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें और खुद को समय-समय पर प्रेरित करने के लिए अच्छी किताबें पढ़ें या मोटिवेशनल वीडियोज देखें। जब आप खुद को सकारात्मक रूप से देखने लगती हैं तो तनाव अपने आप घटने लगता है। छोटे-छोटे लक्ष्यों को प्राप्त करके आप खुद को प्रेरित कर सकती हैं।

**परिवार-दोस्तों के साथ समय बिताएं:** जीवन का असली मजा अपने प्रियजनों के साथ आता है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से तनाव को भी कम किया जा सकता है, क्योंकि ये रिश्ते मानसिक शांति और सपोर्ट का स्रोत होते हैं।

---

आज हर किसी के हाथ में मोबाइल है। लेकिन बिजी होने की वजह से लोग बात करने की अपेक्षा टेक्स्ट मैसेजिंग अधिक करते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है, हम मैसेजिंग करते समय शिष्टाचार का ध्यान रखें ताकि किसी को हमारी कोई बात बुरी ना लगे।



# मोबाइल युग में जरूरी है मैसेजिंग मैनर्स

आज टेक्स्ट मैसेजिंग हमारी लाइफस्टाइल का जरूरी हिस्सा बन गया है। यह इस कदर जरूरी हिस्सा बन गया है कि अकेले भारतीय लोग ही हर दिन लगभग 140 अरब मैसेज, एक-दूसरे को भेजते और पाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि हिंदुस्तानी हर घंटे 5 करोड़ 83 लाख और हर एक मिनट में 9 लाख 71 हजार और हर सेकेंड में 16,194 टेक्स्ट मैसेज करते हैं। इस तरह देखें तो यह दौर एक तरह से टेक्स्ट मैसेजिंग का है। इससे पता चलता है कि हमारे सामाजिक, भावनात्मक और कारोबारी संवाद का सारा का सारा जोर मैसेजिंग पर ही है। इसकी वजह यह भी है कि जो बातें संकोचवश हम कह नहीं पाते, वो बातें आमतौर पर मोबाइल पर मैसेज कर देते हैं। इस तरह देखें तो मैसेजिंग वास्तव में संवाद की वह कला है, जिसमें हम बिना किसी तरह के संकोच में आए सामने वाले से सब कुछ कह देते हैं, साथ ही सब कुछ पढ़ने के लिए भी तैयार रहते हैं। बावजूद इसके यह नहीं कहा जा सकता कि मैसेजिंग का कोई मैनर नहीं होता। खास करके तब, जब वह हमारे आपसी संवाद का सबसे बड़ा आधार यही मैसेजिंग बन गई हो। इस स्थिति में मैसेजिंग के प्रति संवेदनशील होना और उसकी शिष्टता को जानना बहुत जरूरी है। तो आइए जानें कि मैसेजिंग के दौर में हम कैसे सजग रहते हुए इसके मैनर को बनाए रख सकते हैं।

**भेजने के पहले खुद भी पढ़ें मैसेज:** हम चाहे जितने सजग रहते हों, लेकिन आमतौर पर देखने में आता है कि जब हम मैसेज लिखते हैं तो जल्दबाजी में कई शब्द छूट जाते हैं, कई शब्द दोहरा जाते हैं। हालांकि यह एक सामान्य बात है। लेकिन यह भी सच है कि कई बार कुछ शब्दों का छूटना या कुछ शब्दों का दोहराया जाना, हमारे लिखे गए मैसेज में अर्थ का अनर्थ कर देता है। इसलिए किसी भी लिखे गए मैसेज को खुद भी एक बार पढ़ लेना जरूरी है, इसके बाद ही भेजें।

**टू द प्वाइंट लिखें:** भले आप किसी को मैसेज ही भेज रही हों, लेकिन जबरदस्ती बातों को घुमाने का कोई मतलब नहीं है। बातों को बहुत इधर-उधर करने से कई बार मैसेजिंग का हमारा मकसद पूरा नहीं होता। हम अपने मैसेज के जरिए जो कुछ बताना या समझाना चाहते हैं, बजाय उसके हमारे मैसेज से कुछ और ही ध्वनि निकलने लगती है। इसलिए किसी मैसेज को लिखते समय हमेशा टू द प्वाइंट रहें।

**लंबे मैसेज लिखने से बचें**

आपको भी जब कोई लंबे-लंबे मैसेज करता है तो भले पढ़ने के बाद आपको गुस्सा ना आए और चाहे तो आनंद ही क्यों न आए। लेकिन पढ़ने के पहले एक बार दिल में जरूर कोफ्त होती है, हम भेजने वाले के लिए बड़बड़ाते हैं, 'मैसेज है या पूरी कथा पोथी।' लब्बोलुआब यह कि जब भी किसी को मैसेज करें, लंबा मैसेज लिखने से बचें।

**समय की मर्यादा समझें:** बहुत सुबह-सुबह और देर रात को मैसेज भेजना, जब तक कोई बहुत करीबी ना हो, शिष्टाचार के खिलाफ माना जाता है। समय की मर्यादा को समझें और सामान्य लोगों से सामान्य शिष्टाचार का बर्ताव करना कभी भी ना भूलें।

**मैसेज को जटिल ना बनाएं:** कई बार यह होता है कि हम व्यक्तिगत रूप से कुछ बातों को शॉर्टकट में आसानी से समझ लेते हैं। मसलन, आप अक्सर आई डॉट नो लिखने की जगह आईडीके लिख देती हैं। कुलीग्स, फ्रेंड्स के बीच तो यह चल जाता है, लेकिन अगर किसी औपचारिक रिश्ते में या कारोबारी मैसेज कर रही हों तो इस किस्म के शब्द लिखने से बचें। मसलन, ओके की जगह सिर्फ के, एज सून एज पॉसिबल की जगह एएसएपी और एट द मोमेंट के लिए एटीएम लिखना कई बार कंफ्यूजन पैदा करता है। इसलिए याद रखें जब भी औपचारिक मैसेज लिख रही हों तो ऐसे अक्षरों से बचें, जो मैसेज पढ़ने में कठिनाइयां पैदा करें। मैसेज लिखने की भी एक शिष्टता होती है, इसे जरूर बरतनी चाहिए।

# अतिक्रमण के खिलाफ चलाया संयुक्त अभियान

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। टाउन में नगर परिषद और यातायात पुलिस थाना विभाग द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाना और सड़क पर लगे हुए अवैध सामान को जप्त करना था। इस कार्यवाही से हनुमानगढ़ टाउन के बाजार क्षेत्र में गाड़ी चालकों और पैदल चलने वालों को राहत मिली और शहर की सफाई व्यवस्था में भी सुधार हुआ।



इस अभियान में मुख्य रूप से यातायात थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार, विजय कुमार, राम कुमार सहारण, नगर परिषद से स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता पूरी, जगदीश सिराव, नवल किशोर, ओमप्रकाश जावा और अन्य सफाई कर्मचारियों एवं यातायात पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर बाजारों में सड़क पर बेतरतीब ढंग से रखे गए सामान को हटाया और उन सामानों को जप्त किया। अभियान का मुख्य लक्ष्य अतिक्रमण को खत्म करना और यातायात की निर्बाध गति को सुनिश्चित करना था। स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखें ताकि सड़क पर अव्यवस्था न फैले और यातायात में किसी प्रकार की रुकावट न आए। खासकर रावतसर हाईवे रोड पर फ्रूट की रेहड़ियों को भी पाबंद किया गया। यह कदम इस लिए उठाया गया ताकि सड़क के दोनों ओर लगने वाली रेहड़ियां न सिर्फ ट्रैफिक के लिए रुकावट बनती हैं, बल्कि सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए भी खतरे का कारण बनती हैं। इस अभियान के दौरान, नगर परिषद और यातायात पुलिस के अधिकारी लगातार दुकानदारों और बाजार क्षेत्र के लोगों को अतिक्रमण से बचने के लिए जागरूक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ने से लोगों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से चलने की सुविधा होगी। इस अभियान से यह भी उम्मीद जताई गई कि भविष्य में दुकानदार सड़क पर अवैध रूप से सामान न रखें और नगर निगम के नियमों का पालन करें। इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, क्योंकि इससे बाजार में अव्यवस्था कम हुई और यातायात की गति में भी सुधार हुआ। यातायात पुलिस और नगर परिषद के अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस तरह के अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे, ताकि शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण की समस्या से मुक्ति मिल सके और शहर की सफाई व्यवस्था में भी लगातार सुधार हो अतिक्रमण हटाने के इस अभियान से नगर परिषद और यातायात पुलिस विभाग का उद्देश्य यह है कि शहर में सुरक्षा, सफाई और व्यवस्था बनी रहे। इसके साथ ही दुकानदारों और नागरिकों को यह भी संदेश दिया गया है कि अगर वे नियमों का पालन करेंगे, तो नगर की समृद्धि और उनके व्यापार के लिए यह फायदेमंद होगा।

# चूनावढ अस्पताल का एडीएम ने किया निरीक्षण

❑ सीएच सी में एक ही डॉक्टर मिला सूचना मिलने पर निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी पहुंचा

जनमार्ग न्यूज

चूनावढ़। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रीना छिपा ने सुबह 11:15 बजे आकसिमिक निरीक्षण किया तो वहां पांच डॉक्टरों की जगह एक ही डॉक्टर हर्षवर्धन रणवा ड्यूटी पर मिला जबकि निरीक्षण के दौरान सूचना मिलने पर केंद्र प्रभारी डॉक्टर अभिषेक शर्मा पहुंचा जाच अधिकारी ने निशुल्क दवाई खिड़की, वार्ड रूम, लैब रूम, आयुष्मान रूम, एक्सरा रूम, आपातकालीन रुम,व ऑपरेशन रूम का निरीक्षण किया उन्होंने दवाइयां का स्टॉक, एक्स-रे ,लैब,



केंद्र में टोटल स्टाफ की जानकारी एक परफॉर्म पर लिखित में प्राप्त कीऔर केंद्र में खसता हाल में मोर्चरी को नाकारा घोषित करने के संबंध में सबधित विभाग को लेटर जारी करने के आदेश दिए व मेडिकल रिलिव सोसायटी समिति की समय-समय पर मिटिग करने व साफ सफाई रखने के लिए प्रबंध किया गया इस के अलावा कस्बे में दो जगहों का मौका व रोड सेफ्टी का मौका मुआयना किया गया इससे पूर्व एडीएम साहब ने चूनावढ उपतहसील में पहुंचकर नायब तहसीलदार मनजीत सिंह व पेशकार गुरतेज सिंह को साथ में लेकर अस्पताल का निरीक्षण किया।

# उपकारागृह में जागरूकता शिविर आयोजित

सूरतगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तत्वावधान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सूरतगढ़ के निर्देशन में उपकारागृह सूरतगढ़ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पैनल अधिवक्ता तुषार कामरा एवं तालुका पीएलवी राजेश कुमार पारीक मौजूद रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य जैल में बन्द कैदियों को माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारी में जानकारी प्रदान करना रख गया। शिविर के दौरान पैनल अधिवक्ता ने जैल में बन्द कैदियों को माननीय नालसा की योजनाओं के बारे में बताया, ताकि जेल में बन्द कैदी किसी भी प्रकार से इन योजनाओं से वचित न रहे। इस दौरान पैनल अधिवक्ता तुषार कामरा व पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने जेल की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण भी किया और साथ में कैदियों की आम समस्याओं के के बारे में पूछा। पीएलवी राजेश कुमार पारीक ने भी कैदियों को जेल में निरूद्ध रहने के दौरान उनके कानुनी अधिकारों से भी अवगत करवाया।



# एथलीट प्रतियोगिता में हासिल किए 14 पदक

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हनुमानगड़ जिले के बाबा सोमारनाथ स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक अपने नाम किए। क्लब के एथलीट्स ने 5 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 3 कांस्य पदक प्राप्त किए, जो क्लब की उत्कृष्टता और उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। प्रतियोगिता में प्रतिभागी एथलीट्स की सूची में कोच सुनील सांमरिया, हाकम राव चक हरीपुरा, मदन सांखला सहारणी, गजेंद्र राव मुण्डा, जोगिंदर सिंह, संदीप जाजड़ा चक 23 डीडब्लयुडी और टीम सहायक सुनील राव चक हरीपुरा का नाम शामिल था।

# जरूरतमंद लोगों को गर्म जर्सियां वितरित

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। हिन्दी प्रचार समिति श्रीगंगानगर के तत्वावधान में हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ सामाजिक सेवा कार्यो के अन्तर्गत गुरूनानक बस्ती के जरूरह्यतमंद लोगों को 150 गर्म जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष जगीरचन्द फरमा के नेतृत्व में मनीराम सेतिया, श्रीमती रेणु फरमा, बलजीत सिंहराणा, रामदास बंसल, रिम्पा तलवार, पी.सी. गर्ग, अवतारसिंह मल्होत्रा, साहित्यकार मदन अरोड़ा, गोल्ड़ी पाहूजा, अक्षित पाहूजा, इन्दूभूषण चावला, डॉ.ओ.पी. गोयल, रजनी पुनियानी, नीलम के सहयोग से यह पुनीत कार्य किया।

जगीरचन्द फरमा ने सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को जर्सियां वितरण में सहयोग हेतु सभी पदाधिकारियों,सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते



हुए कहा कि हमारा उद्देश्य सभी के चेहरों पर खुशी खिले उनके कष्ट समाप्त हों व मनुष्य ठीक उसी मात्रा में महान बनता है जिस मात्रामें वह मानव कल्याण के लिए श्रम करता है।

मनीराम सेतिया ने इस शुभ कार्य में सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जैसा हमारा लक्ष्य होगा वैसा ही हमारा जीवन होगा। स्वामी विवेकानन्द ने भी कहा है कि लक्ष्य को ही अपना जीवन कार्य समझो, हर क्षण उसी का चिन्तन करो, उसी का स्वरूप देखो और उसी के सहारे जीवित रहो। हमारा लक्ष्य भी सामाजिक सरोकार से है हमेंहर समय सेवा भाव से जन कल्याण के कार्यो को महत्त्व देना है।

मदन अरोड़ा ने इस सेवा कार्य के लिए समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीन-दुखी एवं पीड़ित बंधुओं की सेवा करने में जो गौरवयुक्त आनन्द मिलता है वह अन्य कहीं प्राप्त नहीं होता है जरूरतमंद की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। परोपकार करना पुण्य कर्म है और दूसरों को पीड़ा देना पाप है। भारतीय संस्कृति में मानव मात्र के कल्याण की भावना सर्वोपरि स्थान दिया गया है।

कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजनी पुनियानी ने हिन्दी प्रचार समिति के पदाधिकारियों व उपस्थित महानुभावों का मानव सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्रीराम कथा में दूसरे दिन उमड़े नर-नारी श्रद्धालु



श्रीगंगानगर। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्याधाम में रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर विनोबा बस्ती श्री दुर्गा मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित 9 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन गाथा श्रीराम कथा के दूसरे दिवस बड़ी संख्या में नर-नारी श्रद्धालु उमड़े। व्यासपीठ से अपने पावन प्रवचनों में पं. मनोज कुमार दुबे (अयोध्यावाले) ने कहा कि श्रीराम कथा आध्यात्मिक ज्ञान का भण्डार है, जिसमें श्रद्धा, भक्ति व ज्ञान की त्रिवेणी प्रवाहित होती है। उन्होंने श्रीरामचरित मानस की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीरामचरित मानस एक पुस्तक या ग्रंथ नहीं है, अपितु पूरे विश्व का अमूल्य रत्न है, जिसे श्रद्धापूर्वक जीवन में धारण करके सहज ही जीवन का कल्याण सम्भव है। उन्होंने माता-पिता व गुरु की आज्ञा पालन करने तथा भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। दूसरे दिन शिव विवाह प्रसंग भी सुनाया गया।

# यूथ में लोक कला व संस्कृति की समझ विकसित करना जरूरी : कलक्टर

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। विधायक योगी बाबा बालकनाथ ने कहाकि भारतीय संस्कृति हमारी गौरवशाली विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा दायित्व है। इसी सोच के साथ भजनलाल सरकार ने युवा महोत्सव मनाने का निर्णय किया है ताकि युवाओं को लोक कला और संस्कृति से अवगत करवाया जा सके। हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज परिसर में सोमवार को आयोजित संभाग स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक योगी बालकनाथ ने यह बात कही। उन्होंने कहाकि धर्म और संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं। इसकी रक्षा के लिए महापुरुषों ने



बलिदान दिया है। इसलिए हमें इसके महत्व को समझना होगा।

जिला कलक्टर कानाराम ने कहाकि सरकार की मंशा के अनुरूप युवा महोत्सव मनाए जा रहे हैं। बेबी हैप्पी कॉलेज में इसके लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई हैं। बीकानेर संभाग के प्रतिभागी उत्साह और मनोयोग के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे बाकी युवाओं को भी अपनी संस्कृति और लोकाचार की समझ विकसित होगी। कलक्टर कानाराम ने कहाकि अपनी संस्कृति और लोक कलाओं से जुड़ने का बड़ा फायदा यह होगा कि क्षेत्र में युवाओं को नशे से दिजात दिलाई जा सकेगी। उन्होंने युवाओं को मानस अभियान से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहाकि नशे को खत्म करने से ही सभ्य व सुव्यवस्थित समाज की परिकल्पना संभव है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कड़वासरा ने इस तरह के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहाकि कार्यक्रम में शरीक होकर प्रतिभाओं के प्रदर्शन का साक्षी बनने का मौका मिला। यह संतोष की बात है। उन्होंने कहाकि भारत के पास अनमोल विरासत है, जो धीरे-धीरे बिखराव की तरफ जा रही हैं, उन्हें समेटने और सहेजने की जरूरत है। इस तरह के कार्यक्रमों से ही प्रयास कारगर हो सकता है।

भाजपा नेत्री प्रियंका बैलान ने कहाकि धर्म और संस्कृति की रक्षा करना बेहद जरूरी है। क्योंकि इसी से भारत की पहचान है।

# ज्ञान पूल प्रतियोगिता का आयोजन किया

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। जंक्शन स्थित संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी में 17 नवंबर 2024 को नॉलेज पूल प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन किया गया था । इस ऐतिहासिक आयोजन में विभिन्न स्कूलों के 1,000 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह ज्ञान, सीखने और बौद्धिक जिज्ञासा का एक उल्लेखनीय उत्सव बन गया। प्रतियोगिता की एक खास विशेषता गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंकन को शामिल करना था, जिसने छात्रों को आलोचनात्मक सोच और सटीकता के साथ प्रश्नों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज नॉलेज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धियां हासिल कीङ्ख विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए एक ब? मंच पर प्रोग्राम आयोजित किया गया तथा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस खुशी के मौके पर बोलते हुए, संस्कार इंटरनेशनल एकेडमी के प्रिंसिपल एल.बी. सुब्बा ने कहा- कि हम हनुमानगढ़ के अभिभावकों, छात्रों और स्कूलों को उनके अटूट समर्थन और उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं तथा भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक परीक्षाएं आयोजित करने की शपथ लेते है। प्रिंसिपल श्री एल.बी. सुब्बा में बताया कि आगामी 30 मार्च 2025 को नॉलेज पूल की भांति सभी विद्यालयों के लिए एस-कैट एग्जाम आयोजित की जाएगी जिसमें सभी विद्यार्थियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

# महिला हॉकी सीनियर चैंपियनशिप का समापन

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। जंक्शन स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में राज्य स्तरीय महिला हॉकी सीनियर चैंपियनशिप का समापन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समारोह में प्रमुख अतिथियों के रूप में सभापति प्रतिनिधि मंजू रिणवां, द्रौणाचार्य आरडी सिंह, हॉकी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अरूण सारस्वत, जूडो कोच विनीत बिश्नोई, एसआरएस शिक्षण संस्था संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, समाजसेवी मोहित बलाडिया, पार्षद गुरदीप सिंह बराछ़ बब्बी, पार्षद बलराज सिंह दानेवालिया, रणजीत सिंह, ओम सांई समेत कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉकी हनुमानगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह मान ने की। समापन समारोह में विशेष रूप से फाइनल मुकाबले की रोमांचक झलकियों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह चरम पर था। हॉकी सचिव हरवीर सिंह सरां के अनुसार, फाइनल मुकाबला हनुमानगढ़ और



जयपुर के बीच हुआ। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। मैच के आखिरी क्षणों तक परिणाम अनिश्चित बना रहा, लेकिन अंततः जयपुर ने हनुमानगढ़ को 2-1 स्कोर से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर अलवर की टीम रही। फाइनल और तीसरे स्थान के मैचों में हारने वाली टीमों को अतिथियों द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने हारने वाले खिलाड़ियों को निराश न होकर अपनी मेहनत और खेल भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। साथ ही यह भी कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन असली जीत उस मेहनत और समर्पण में है, जो खिलाड़ी अपनी टीम और खेल के प्रति दिखाते हैं। समापन समारोह के दौरान खेल को लेकर विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। खासकर, युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया और कहा गया कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी मिलती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी सफल बना दिया, और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह ने हनुमानगढ़ को खेलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया।

# मौसा ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। बसंती चौक के समीप एक कॉलोनी में रहने वाली 27 वर्षीय एक युवती ने अपने मौसा ससुर पर घर आकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उसके द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में कल शाम को सतीश नामक मौसा ससुर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी जो कि एक प्रॉपर्टी डीलर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती का अपने पति के साथ विवाद चल रहा है। उसकी शादी लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक से हुई थी, जिससे उसके 2 वर्ष का बेटा है।युवती का आरोप है कि पति और ससुराल वालों द्वारा उसे यातनाएं दी जाती थीं। उससे मारपीट की जाती थी। पति और ससुराल वालों ने उसे उसके दो वर्षीय पुत्र सहित घर से निकाल दिया। इस संबंध में एक मुकदमा सादुलशहर की एक अदालत में विचाराधीन है। इस मुकदमे के मुलाजिम जमानत पर हैं। इस मामले में आगामी 16 जनवरी को अदालत में तारीख पेशी मुकर्रर है। आगामी कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए उसके ससुर, मौसा ससुर तथा एक अन्य व्यक्ति ने उसे और उसके बच्चे को रहने के लिए बसंती चौक के समीप एक मकान दिला दिया। ससुर,मौसा ससुर और एक अन्य व्यक्ति ने मकान दिलाते हुए तसल्ली दिलाई की उसका पति यहां आता जाता रहेगा। उसे और उसके बच्चे का खर्चा भी वही देगा। अगर वह खर्चा नहीं देगा तो वे उसे खर्च देंगे। पीड़िता के अनुसार ससुर,मौसा ससुर और एक अन्य व्यक्ति द्वारा जिम्मेदारी लिए जाने पर वह उक्त मकान में अपने बच्चों के साथ रहने लगी। उसका पति एक-दो बार मकान में आया और फिर चला गया। अब वह पिछले कई दिनों से घर का खर्चा मांग रही थी लेकिन पति खर्चा देने के लिए नहीं आया। उसने 4 जनवरी की दोपहर को ससुर को फोन कर बताया कि ना तो पति आ रहा है और ना ही वह खर्चा दे रहा है। घर का सामान समाप्त हो गया है। उसका बच्चा परेशान है।बिजली का बिल भी जमा करवाना बाकी है। पीड़िता के अनुसार ससुर ने कहा कि वह जल्दी ही आकर उससे मिलेगा। अगले दिन 5 जनवरी की शाम लगभग 6 बजे जब वह अपने बच्चों के साथ घर में थी,तब मौसा ससुर प्रॉपर्टी डीलर सतीश कुमार दो अन्य व्यक्तियों को साथ लेकर घर आया। उक्त दोनों व्यक्ति बाहर गैलरी में रहे जबकि मौसा ससुर सतीश उसके कमरे में आ गया। जब उसने मौसा ससुर से कहा कि उन्होंने घर खर्च की जिम्मेवारी ली है तो अब ना खर्चा आ रहा है और ना ही पति घर आ रहा है। वह बहुत परेशान है।

# भाजपा नेता आत्माराम तरड़ ने सीएम से मुलाकात की

## ❑ फिरोजपुर फीडर के लिए 200 करोड़ का बजट देने सहित किसान कल्याणकारी योजनाओं के लिए जताया आभार

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पंचायत समिति पूर्व प्रधान आत्माराम तरड़ ने किसानों के हित में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आत्मीय मुलाकात की। भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम आत्माराम तरड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके कुशल नेतृत्व में राजस्थान सरकार के 'एक साल बेमिसाल' कार्यकाल पर मिठाई खिलाकर अभिनंदन-सम्मान किया। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा भी आत्माराम तरड़ को स्नेह व अपनत्व की भावना के साथ मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर तरड़ ने मुख्यमंत्री को संगठनात्मक गतिविधियों एवं जन समस्याओं के समाधान व धरातल पर स्थिति की जानकारी दी तथा किसान हित में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने फिरोजपुर फीडर के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट देने सहित राज्य सरकार द्वारा लागू किसान कल्याणकारी योजनाओं के मुख्यमंत्री का आभार जताया तथा तीनों सिंचाई परियोजनाओं के उदगम स्थल हरिके पतन आदि स्थानों का दौरा करने का आग्रह किया, जिस पर उन्होंने जल्द ही नहरी क्षेत्र के निरीक्षण का आश्वासन दिया। इस मौके पर तरड़ ने कहा कि रणजीत सागर बांध में दरारों के कारण बांध में पानी का भंडारण नहीं हो सका है। सिंचाई पानी की कमी के चलते किसानों को फरवरी माह के प्रथम सप्ताह के बाद इंदिरा गांधी नहर परियोजना से पानी उपलब्ध नहीं हो पाएगा, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित होगी। फिरोजपुर फीडर पर उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के बाद



विशेषकर गंगनहर के किसानों को पूरा पानी मिलना शुरू हो जाएगा। इससे बरसाती दिनों में अतिरिक्त पानी पाकिस्तान जाने से बंद होने से श्रीगंगानगर के किसानों को काफी लाभ मिलेगा। आत्माराम तरड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष पर्याप्त नहरी पानी की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा पूरा नहीं चलाने से श्रीगंगानगर जिले की जीवनदायिनी गंगनहर, भाखड़ा नहर व इंदिरा गांधी नहर के किसान प्रभावित हो रहे हैं। श्रीगंगानगर कृषि प्रधान जिला है तथा किसान पूरी तरह से सिंचाई पानी पर निर्भर है। इसलिए उच्च स्तर पर कार्यवाही करके गंगनहर, भाखड़ा नहर व इंदिरा गांधी नहर में पूरा पानी दिया जाए, ताकि भरपूर फसल होने से किसान समृद्ध व खुशहाल हो सके।

उन्होंने कृषि ट्यूबवैलों के विद्युत विभाग के बकाया बिलों में पेनल्टी व ब्याज माफी की छूट सीमा बढ़ाने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि किसानों की गत वर्ष 2023 में फसल खराबे की वजह से माली हालत ठीक नहीं होने के कारण राज्य सरकार ने 30 दिसम्बर, 2023 तक कृषि ट्यूबवैलों के विद्युत विभाग के बकाया बिलों में पेनल्टी व ब्याज माफी में राहत की घोषणा की थी। परन्तु इस वर्ष 2024 में भी प्राकृतिक कारणों से फसलों का उत्पादन प्रभावित होने के कारण आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से काश्तकार बकाया राशि जमा नहीं करवा सके। इसलिए किसानों के हित में कृषि ट्यूबवैलों के विद्युत विच्छेद कनेक्शन में पेनल्टी व ब्याज माफी की छूट की अवधि को 31 दिसम्बर, 2024 तक बढ़ाया जाए, जिससे श्रीगंगानगर सहित पूरे राज्य के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में रबी की फसलों में नहरों के वरीयता क्रम में पानी की आवक कम होने की आशंका से किसान विद्युत विभाग में अपने ट्यूबवैलों के बकाया बिलों की राशि जमा करवाकर पुनः कनेक्शन चालू करवाना चाहता है। राज्य सरकार द्वारा कृषि ट्यूबवैलों के विद्युत विभाग के बकाया बिलों में पेनल्टी व ब्याज माफी की छूट सीमा 31 दिसम्बर, 2024 तक बढ़ाने से विद्युत विभाग को भी बकाया वसूली में काफी फायदा मिलेगा तथा भूमिपुत्र भी लाभान्वित होंगे। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम तरड़ को किसानों के हित में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# गंगानगर एफसी ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

**हनुमानगढ़( जनमार्ग न्यूज )** । टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में द गुरु फुटबॉल क्लब द्वारा स्व. रोहिताश साहू की स्मृति में आयोजित ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल रविवार को संपन्न हुआ। फाइनल मैच गंगानगर एफसी और द गुरु फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें गंगानगर एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया, जिससे युवाओं में खेल के प्रति बढ़ती रुचि और उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। प्रतियोगिता के सभी मैच रोमांचक रहे, लेकिन फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहा। फाइनल मैच में गंगानगर एफसी ने मजबूत खेल कौशल का प्रदर्शन किया और द गुरु फुटबॉल क्लब को 1-0 से पराजित किया। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता अमित साहू और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र पारीक, बलवीर कस्वां, वरिष्ठ भाजपा नेता महादेव भार्गव, पत्रकार बालकृष्ण थरेजा, एडवोकेट जाकिर हुसैन और सुभाष सोनी ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को देवेंद्र मील की ओर से 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। उपविजेता टीम द गुरु फुटबॉल क्लब को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। श्री बलवीर कस्वां (आनंद इन्वेस्टमेंट) ने उपविजेता टीम को 5,100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। समारोह में शहर के वरिष्ठ खिलाड़ियों राजेश दाधीच, महेश दाधीच, सुशील भांडण, यूनुस अहमद, रोशन जोशी, रविंद्र सिंह शेखावत, सिकंदर खान और पवन वर्मा को भी प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक मूल्यों का संगम

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** श्रीगौशाला समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचक पूज्य श्री मुरलीधर जी माधव ने रुक्मिणी विवाह और कृष्ण-सुदामा की मित्रता का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। सातवें दिन की कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान तरुण बंसल डिंगवाला और लोकेश बंसल डिंगवाला ने अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। पूजा के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया, और मंत्रोच्चार से समूचा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया,कथा वाचक ने रुक्मिणी विवाह का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने सत्य और धर्म का पालन करते हुए रुक्मिणी का हरण कर उनसे विवाह किया। इस प्रसंग ने यह संदेश दिया कि जीवन में सच्चे प्रेम और धर्म का मार्ग ही सर्वोच्च है। इस कथा ने श्रोताओं को धर्म, न्याय और प्रेम की महत्ता को समझने की प्रेरणा दी। इसके बाद, श्री मुरलीधर जी ने कृष्ण और सुदामा की मित्रता का हृदयस्पर्शी प्रसंग सुनाया। सुदामा की निर्धनता और उनके सच्चे मित्र श्रीकृष्ण द्वारा उनकी सहायता का यह प्रसंग आज भी मानवता और सच्चे संबंधों की मिसाल है। कथा के इस अंश ने श्रद्धालुओं को सिखाया कि सच्ची मित्रता में भौतिक सुखों का महत्व नहीं होता, बल्कि प्रेम और निःस्वार्थ भाव सर्वोपरि होते हैं।कथा के समापन के साथ ही अगले दिन हवन यज्ञ का आयोजन सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह हवन यज्ञ पर्यावरण शुद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा को ब?ाने के उद्देश्य से किया जाएगा। सज्जन बंसल और लोकेश बंसल ने सभी श्रद्धालुओं और समिति के सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और समर्पण के बिना इस आयोजन को सफल बनाना संभव नहीं था। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे, जो समाज को धर्म और नैतिकता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

# विधायक बालक नाथ का स्वागत



**श्रीगंगानगर।** श्री श्याम सेवा समिति श्रीश्याम चौक द्वारा तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ जी का श्री श्याम चौक के पास रामकुमार घर के बाहर भव्य स्वागत किया गया। समिति के पदाधिकारी विकास शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा महावीर गोयल, शकुंतला सरस्वा, रामकुमार ने माला पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान भारी पुष्प वर्षा की गई । इस अवसर पर संगीता गेरा ,आशीष राठौर, श्याम गोस्वामी,गोपाल शर्मा, प्रवीण गेरा, सुरेंद्र सिंह, वीरपाल कौर, मदनलाल,मनोज,मुटरेजा,प्रकाश शर्मा भारी संख्या में मोहल्ले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । सेवादार विकास शर्मा ने बताया कि श्री श्याम सेवा समिति श्रीश्याम चौक एकादशी उत्सव के तहत 10 जनवरी को शाम 5:00 बजे से श्री श्याम चौक मंदिर में भजन संध्या होगी।

# स्नेह मिलन समारोह में सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने का लिया संकल्प

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्व की सबसे समाजसेवी संस्था लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल की इकाई लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह 'स्वागतम्-2025' का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। कार्यक्रम संयोजक लॉयन नताशा-दुष्यंत कटारिया ने बताया कि जस्सा सिंह मार्ग स्थित आईएनआईएफडी कैम्पस में इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष लॉयन सरिता अरोड़ा, सचिव लॉयन रिंकू चावला तथा कोषाध्यक्ष लॉयन नीरू अनेजा तथा सीएमडी पूर्व रीजन चेयरमैन लॉयन विनोद कुमार सेठी मंचासीन थे। चार्टर अध्यक्ष पूर्व रीजन चेयरमैन लॉयन प्रेम-रूचिका चुघ ने सबका स्वागत-अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में प्रांतीय संदेश 'आओ खुशियां बांटे' के तहत जनवरी माह में सर्दी से बचाव के लिए विद्यार्थियों व जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित करने, दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहनों व आवारा पशुओं पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा झुग्गी-झोपडि?ों में चाय-नाश्ते का लंगर लगाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सभी सदस्यों ने वर्षभर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प लिया तथा एक-दूसरे को नववर्ष, गुरु गोविंद सिंह जयंती, लोहड़ी व मकर सक्रांति पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सबके लिए सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। गीत-संगीत, खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम का सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया। विजेताओं को शानदार पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नववर्ष तथा भामाशाह लॉयन गुरमीत महल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए मंच संचालन करते हुए लॉयन डॉ. ब्रह्म-पारूल भाटिया ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमजेएफ लॉयन संदीप अनेजा, लॉयन भीम-जागृति ईश्पुन्यानी, लॉयन राजेन्द्र कौर महल, लॉयन स्वर्णा- अशोक कोठारी, लॉयन अनीता-रमेश बलाना, लॉयन पवन-अंजू नारंग, लॉयन सतीश चावला, लॉयन प्रदीप अरोड़ा, लॉयन बालकिशन नागपाल सहित लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# प्रतिभा किसी भी बस्ती या गांव की मोहताज नहीं : तरुण विजय

**हनुमानगढ़।** नई खुंजा में निवर्तमान पार्षद मोहनलाल बड़सीवाल के निवास पर सरकारी और शैक्षणिक सेवाओं में चयनित बच्चों का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चयनित बच्चों का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राइवेट स्कूल-कॉलेज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय और जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज बड़सीवाल उपस्थित थे। दोनों अतिथियों ने बच्चों की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। इस समारोह में सहायक मैनेजर, पीएनबी बैंक में चयनित रमनदीप सिंह, मरुधरा बैंक में विनीत जालप, कंचन मेघवाल, सहायक मैनेजर संगीता देवी, हरजीत सिंह और स्क्वक्र ह्श्वश्वज्ञ में चयनित अर्शदीप कौर का सम्मान किया गया। उन्हें पुष्पमाला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंट कर बधाई दी गई। समारोह में उपस्थित सभी ने इन बच्चों की मेहनत और लगन को सराहा। प्राइवेट स्कूल-कॉलेज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय ने अपने संबोधन में कहा, इन बच्चों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि गरीब और पिछड़े बस्तियों से भी पढ़ने वाले बच्चे ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकते हैं।

# गर्म दूध लंगर सेवा निरंतर जारी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारन साहिब द्वारा सोमवार 06 जनवरी 2025 को आप समुह संगत के सहयोग से गर्म दूध लंगर सेवा जारी रही। अनोखे शहीद बाबा मोती राम मैहरा की शहादत, की याद में सुबह चार बजे से हजूरी रागी भाई हरफूल, के नेतृत्व में सुबह 5.30 बजे से सरकारी अस्पताल, झुगी झोंपड़ियों व सड़क किनारे फुटपाथ पर बैठे बे सहारा लोगों मे मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल, रानी बहन, डॉ रजिंद्र सिंह भमरा, जसकरन सिंह नागी, गुलाब सिंह, हरप्रीत सिंह उर्फ राजा भुल्लर, एडवोकेट गुरप्रीत सिंह धालीवाल, जसकीरत सिंह सरपाल, जसजोत सिंह, सुखमन सिंह, अमित मैहरा, जतिन खत्री, आदि बड़ी संख्या में सेवादारों ने गर्म दूध मट्ठी बिस्कुट लंगर सेवा कर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की। शुक्रवार , शनिवार, रविवार, चांडक परिवार और सोमवार को सुखविंदर सिंह सरपाल परिवार की दूध की सेवा रही। बहुत-बहुत धन्यवाद जी दानदाताओं ओर सेवादार संगत का। आप समुह संगत के चरणों में बेनती है कि आप भी इस महान सेवा में अपना तन मन धन से सहयोग प्रदान करके पुनः के भागी बने। नोट-आप ओन लाइन भी सहयोग राशि सैंड करके स्क्रीन शॉट जरुर भेजदें ताकि आपको रसीद भेज सकें।



# राजकीय अंध विद्यालय में लुइस ब्रेल जयंती मनाई



जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** राजकीय अंध विद्यालय आंगनवा जोधपुर में ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुइस ब्रेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई एवं लुई ब्रेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र सुरेश ने बांसुरी वह वायलिन वादन किया। इसके अतिरिक्त नेत्रहीन विकास संस्थान के छात्रों पंकज टेलर व टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला बोहरा ने नई तकनीक के साथ ब्रेल लिपि को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदेव प्रभाकर (अध्यक्ष राजस्थान नेत्रहीन सेवा संघ) ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में राजू भाटी ,राजेंद्र जी, जसराज शर्मा, अमित सिंह उपस्थित थे विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर दृष्टि बाधित क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाले दृष्टिबाधितों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ सदस्य लक्ष्मण सिंह चौहान, कपिल अरोड़ा, निर्मल सिंह, हरीश इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक हापूराम चौधरी व नेत्रहीन छात्र ललित ने किया।

## प्रकाश पर्व पर विशाल समागम आयोजित

**हनुमानगढ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में टाउन और जंक्शन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में भव्य समागम का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और श्रद्धा भाव से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरणों में शीश नवाकर मन्नतें मांगी। समागम की शुरुआत श्री अखंड पाठों के भोग के साथ हुई। जंक्शन में गुरुद्वारा प्रधान नक्षत्र सिंह ज्वालासिंह वाला और टाउन में जगजीत सिंह टोनी ने भोग डलवाए और सरबत के भले की अरदास की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। टाउन और जंक्शन दोनों स्थानों पर रागी ढाड़ी जत्था रिछपाल सिंह मानेवाला और कथावाचक गुरमीत सिंह बूढ़ा जोहड़ ने शबद कीर्तन और कथा की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। उन्होंने ष्वाहे गुरु जी दा खालसा, वाहे गुरु जी दी फतेहष, ष्वाहो-वाहो गुरु गोबिंद सिंह, आपै गुरु चेलाष् और ष्सवा लाख से एक लड़ाऊ, ता मैं गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊंष् जैसे प्रेरणादायक वाणियों के माध्यम से श्रद्धालुओं के दिलों में गुरु जी के महान आदर्शों को जीवंत किया। समागम के दौरान श्रद्धालु गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और उनके बलिदानों की शिक्षाओं को आत्मसात करते दिखे।

## लंगर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र पारीक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गत रात्रि एक विशेष आयोजन किया गया। यह आयोजन संत सज्जन ट्रस्ट में किया गया, जो कि समाज सेवा और जरूरतमंदों के लिए समर्पित एक संस्था है। इस अवसर पर ट्रस्ट में मुफ्त भोजन लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भोजन ग्रहण किया। संत सज्जन ट्रस्ट में सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए रोजाना दलिया, खिच?ी, रोटी और सब्जी की व्यवस्था की जाती है। देवेन्द्र पारीक के जन्मदिन पर उनके द्वारा ट्रस्ट में भोजन का विशेष लंगर आयोजित किया गया। इस लंगर में मरीजों और उनके परिजनों को भरपेट भोजन कराया गया, जिससे उनके जीवन में थो?ी राहत और खुशियां आईं। लंगर के आयोजन के बाद एक अन्य कार्यक्रम में देवेन्द्र पारीक का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# सांवरिया जी गौ सेवा धाम का स्थापना दिवस मनाया

## एम्बुलेंस उद्घाटन व गौ भक्त सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** हर समय गौ माता की हर प्रकार की सेवा के लिए तैयार सांवरिया जी गौ सेवा धाम चिकित्सालय मोटासर खूनी में स्थापित तीसरे स्थापना दिवस का आयोजन गौशाला प्रांगण में रविवार को बड़े धूमधाम से किया गया इस अवसर पर गौ भक्त सम्मान कार्यक्रम एवं एंबुलेंस उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया गौ माता की सेवा एवं उपचार के लिए सांवरिया जी गौ सेवा धाम चिकित्सालय ने जन सहयोग से नई एंबुलेंस ली है इस एंबुलेंस का विधिवत उद्घाटन श्री श्री 1008 संत आकाश मुनि जी महाराज डेरा मल्ला टिब्बा के कर कमलों द्वारा किया गया इस अवसर पर संत आकाश मुनि जी ने दो लाख पचास हजार रुपये की नगद सहयोग राशि सांवरिया जी गौ सेवा धाम को भेंट की इसी क्रम में 51 हजार रुपये मदन लाल सहारण व मुकेश ज्याणी, पचास हजार रुपये पवन बंसल, एक लाख पचास हज़ार रुपए व्यापार मण्डल गजसिंहपुर व इसके आलावा बाहर से आये गौ भक्तों व ग्रामवासियों द्वारा तन मन धन से सहयोग दिया गया इस अवसर पर गौ माता की सेवा के लिए एलईडी, कूलर, फ्रिज व ऑपरेशन थियेटर आदि के निर्माण हेतु सामग्री प्राप्त हुई संस्था द्वारा गौशाला में आये हुए गो सेवकों के लिए चाय नाश्ता व लंगर आदि की व्यवस्था की गई इस कार्यक्रम में राजपूरा, 64ऋक्क सतजण्डा, लक्खाहाकम, कीकरवाली, पालीवाला, फतूही, दौलतपुर, करणपुर, रायसिंहनगर, सावंतसर, नग्गी, गजसिंहपुर, मोखमवाला एवं अन्य गौशालाओं से गो भक्तों ने कार्यक्रम में भाग लिया इस अवसर पर गजसिंहपुर से भजन गायक सुनील बजाज व मनोज कामरा के द्वारा भजनों के माध्यम से गौ माता का गुणगान किया गया एवं पवन सारस्वत व राकेश लोटरा हास्य कलाकारो ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी इस मौके पर सांवरिया जी गौ सेवा समिति के मुख्य सेवादार अनिल सोनी ने बताया कि इस गोशाला के अन्दर बीमार, घायल व दुर्घटना पीड़ित गोवंश को लाने के लिए एम्बुलेंस सुविधा प्रदान की गई है एंबुलेंस के माध्यम से पचास किलोमीटर के दायरे के अंदर घायल, बीमार, एक्सीडेंट पीड़ित जीवों को गोशाला चिकित्सालय में लाकर निःशुल्क उपचार किया जाता हैं उन्होंने समस्त गौ प्रेमियों से आग्रह किया कि किसी भी व्यक्ति को कही पर भी कोई बीमार, घायल या दुर्घटना ग्रस्त गोवंश दिखाई दे तो तुरंत हमे सूचित करें सांवरियां जी गौ सेवा समिति द्वारा गोवंश का निःशुल्क उपचार किया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सांवरिया जी गौ सेवा धाम चिकित्सालय की पूरी टीम, ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों का पूर्ण सहयोग रहा सांवरिया जी गौ सेवा समिति ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# नशा मुक्ति के मार्मिक नाटक का मंचन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टीम युथ क्लब सोसायटी ने अपने 8वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन किया, जिसे नशा मुक्त हनुमानगढ़ के उद्देश्य को समर्पित किया गया। यह कार्यक्रम जंक्शन स्थित सारस्वत भवन में आयोजित किया गया, जिसमें नाटिकाओं के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी मांगीलाल सुथार, प्राईवेट स्कूल कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरूण विजय, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, समाजसेवी प्रो. सुमन चावला, पूर्व उपसभापति नगीना बाई, समाजसेवी युधिष्टर गक्खड़, कोच परमजीत सिंह मारवाह और कोच गुरूप्रेम सिंह मान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युथ क्लब के अध्यक्ष व संस्थापक मनदीप सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान रेड आर्ट थियेटर ग्रुप, श्री गंगानगर ने एक मार्मिक नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें नशे के कारण उजड़ रहे युवाओं और उनके परिवारों की कहानी को दर्शाया गया। नाटिका ने उपस्थित दर्शकों को भावुक कर दिया और जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। मुख्य अतिथियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने युथ क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए अध्यक्ष मनदीप सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा की। इस अवसर पर हर हाथ सहयोग अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों के 25 कबड्डी खिलाड़ियों को जूते वितरित किए गए। साथ ही, मेधावी विद्यार्थियों, भामाशाहों, सामाजिक संस्थाओं और युथ क्लब सोसायटी की विभिन्न इकाइयों को सम्मानित किया गया।

# गुरुद्वारा में अखंड पाठ का भोग डाला

## अज दिन वढभागी आया के शब्द कीर्तन से गुरु जस सुना कर संगत को किया निहाल



**चूनावढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** कस्बे के श्री नानक दरबार गुरुद्वारा में सोमवार को श्री गुरु गोविंद सिंह साहिब के प्रकोत्सव पर अखंड पाठ का भोग डाला गया पाठी दर्शन सिंह ने गुरु अरदास कर संगत में प्रसाद बांटा इस दौरान गुरुद्वारा के प्रधान दर्शन सिंह कामरा व अंग्रेज सिंह चांनी ने बताया कि कथा वाचक बलदेव सिंह कूके व बहनों द्वारा शब्द कीर्तन से अज दिन वढभागी आया -----और वाहो वाहो गोविंद सिंह जी, वाहो वाहो सरबत दानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी----गुरु जस महिमा सुना कर संगत को निहाल किया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के रूमाले वस्त्र भेंट किये इसके अलावा कस्बे के अरोड वंश गुरुद्वारा में सहज पाठ का भोग डालकर पाठी सुखदेव सिंह ने गुरु अरदास कर संगत में प्रसाद बाटा गुरुद्वारा के प्रधान श्यामलाल गुबर ने बताया कि श्रद्धालुओं ने गुरु के वस्त्र भेंट किये इस दौरान कस्बे के दोनों गुरुद्वारों में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

## प्रकाशोत्सव पर समागम

**हनुमानगढ ( जनमार्ग न्यूज )।** सोमवार को टाउन स्थित गुरूद्वारा गुरूनानकसर प्रेमनगर में श्रीगुरू गोबिन्द सिंह के प्रकाशोत्सव के अवसर पर एक भव्य समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा साहिब में सुबह श्रीअखण्ड पाठ के भोग के बाद हैडग्रंथी बाबा जोगिन्द्र सिंह ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए विशेष अरदास की। अरदास के बाद विशाल समागम का आयोजन किया गया, जिसमें सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। समागम की शुरुआत गुरवाणी के पाठ से हुई, जिसमें ढाडी जत्था फुमन सिंह वर्ण सिरसावाले, गुणीज्ञानी जत्थों ने अपनी धार्मिक वाणी से संगतों को निहाल किया। सभी ने गुरु के उपदेशों पर चिंतन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। इस धार्मिक समागम में गुरू के उपदेशों का बखान किया गया और सिख धर्म के संदेशों को सभी तक पहुंचाया गया। समागम के दौरान, गुरू का लंगर अटूट बरताया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को श्रद्धापूर्वक भोजन वितरण किया गया।

# लोहड़ी पर्व पर आयोजित किया ड्राइंग प्रतियोगिता

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** वी.डी. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड हनुमानगढ़ स्थित महिंद्रा शोरूम पर लोहड़ी के पावन पर्व के अवसर पर एक विशेष ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन शोरूम के मालिक श्री विकास गोदारा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कुल 22 लड़कियों ने भाग लिया, जिनकी आयु सीमा 15 वर्ष से कम रखी गई थी।प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए शोरूम के मेनेजर श्री नवीन वर्मा ने बताया कि इस ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वी.डी. मोटर्स द्वारा प्रतिभागियों को कलर किट भेंट की गई, जिससे उनके उत्साह को और भी बढ़ावा मिला। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने वाली भारती पुत्री श्री बुध राम, द्वितीय पुरस्कार लविसका पुत्री श्री देव सैन और तृतीय पुरस्कार नोमिका पुत्री श्री नरेश सैन को प्राप्त हुआ। इन सभी बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से लोहड़ी के उत्सव को और भी रंगीन और खास बना दिया। वी.डी. मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक श्री विकास गोदारा ने प्रतियोगिता के समापन के दौरान सभी विजेता बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को निखारने का एक अच्छा अवसर मिलता है और यह हमारे समाज में कला और संस्कृति को बड़ावा देने में मददगार साबित होते हैं। इस आयोजन के माध्यम से वी.डी. मोटर्स ने यह संदेश दिया कि कंपनी न केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से सक्रिय है, बल्कि समाजिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभा रही है। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके प्रतिभा को भी मंच मिलता है।

# राजस्थान शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 17-18 जनवरी को

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) का 61वां राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन दिनांक 17-18 जनवरी 2025 को नई धानमण्डी, श्रीगंगानगर में आयोजित होगा। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दिनांक 17 जनवरी 2025 को मुख्य अतिथि कामरेड अमराराम सांसद सीकर तथा मुख्य वक्ता प्रो. योगेन्द्र यादव राष्ट्रीय संयोजक भारत जोड़ो आन्दोलन होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जयदीप बिहाणी विद्यायक श्रीगंगानगर, श्री राजकुमार गौड़ पूर्व विद्यायक श्रीगंगानगर, कामरेड वकील सिंह जिला सचिव माकपा, श्री चन्द्रभानु त्यागी पूर्व प्राचार्य गुरूनानक खालसा विधि महाविद्यालय होंगे। श्रीगंगानगर जिले के संयोजन में होने वाले राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का संयोजक श्री भूपसिंह कूकणा जिला मंत्री व सह संयोजक श्री पवन कुमार छिंपा प्रदेश उपाध्यक्ष को बनाया गया है। सम्मेलन की तैयारियों हेतु राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष राजेन्द्र टाक की अध्यक्षता में शिक्षक भवन श्रीगंगानगर में आहुत की गई जिसमें सफल संचालन हेतु विभिन्न प्रकार की कमेटियों का गठन किया गया। श्री गुरमीत सिंह गिल को स्वागत समिति अध्यक्ष, महावीर सिंह यादव भोजन व्यवस्था, प्रकाश आर्य व कृष्ण कुलचानियां आवास व्यवस्था, सुरेन्द्र टोकसिया व कृष्णलाल फगोड़िया टैण्ट बैठक व पंडाल व्यवस्था, शंकरलाल गोदारा साउण्ड व बिजली व्यवस्था, बालकिशन गहलोत व मनीष जग्गा पानी एवं सेनेटरी व्यवस्था, राधेश्याम यादव व राजेन्द्र टाक प्रचार प्रसार व आमंत्रण व्यवस्था, शिवदत्त बिश्नोई को चैक पोस्ट व्यवस्था व सुनील बिश्नोई को रजिस्ट्रेशन तथा सुनील यादव को वित्त व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। गुरलाल सिंह गिल सतविन्द्र मान व सौरभ बिश्नोई सादुलशहर तहसील, रणवीर कौर, हीराराम गोदारा, रामस्वरूप सहारण व दलीप भादू सूरतगढ़ तहसील, अंग्रेज सिंह मान, अमरीश गोदारा, अंकित यादव, श्रवण बिश्नोई पदमपुर तहसील, सुखदेव सिंह, राजेन्द्र तरड़, रणजीत सिंह, विजय सोलंकी व गजानन्द छिंपा करणपुर तहसील, सुरेन्द्र बेरड़, अजय खत्री, मनीष जग्गा, दलजीत कौर, ममता रानी व जितेन्द्र सिंह कूकणा को गंगानगर तहसील की जिम्मेदारी दी गई। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार छिंपा व कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव ने बताया कि दिनांक 04.01.2025 को शिक्षक भवन सीकर में आयोजित प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में लिये गये निर्णयानुसार प्रदेशभर के हजारों शिक्षक सम्मेलन में भाग लेने की कार्ययोजना तैयार की गई।

# संकटमोचन हनुमान मंदिर, भद्रकाली घग्गर तट पे गूंजे जयकारे

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** नव वर्ष की उपलक्ष में हर वर्ष होने वाला पाठ श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर भद्रकाली, अमरपुरा थेड़ी में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। पुजारी सीताराम शर्मा ने बताया इलाके की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए हर वर्ष की तरह इस पाठ को लेकर भक्तों में बड़ा उत्साह का माहौल रहता है। बालाजी महाराज की कृपा से सुंदरकांड पाठ श्री सुंदरकांड मित्र मंडल समिति, सिद्धेश्वर धाम हनुमानगढ़ टाउन द्वारा किया गया। इसी के साथ मंडल के रजत जयंती महोत्सव के क्रम में चाय व पकोड़ों का भंडारा रखा गया। गायकारो ने मां भद्रकाली व बालाजी महाराज के बड़े ही सुंदर भजनों से दर्शनार्थियों को भाव विभोर कर दिया।

# अभिभाषक संघ राजस्व की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** अभिभाषक संघ राजस्व सूरतगढ़ 2025 की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सूरतगढ़ में स्थित डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गेदर ने की। अध्यक्ष धनवीर सिंह हुन्दल, सचिव अमित कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सुथार व कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में किया गया। इस आयोजन में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर आयोजन को चार चांद लगा दिए। विधायक डूंगर राम गेदर, पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, संदीप कासनिया, बीरबल रैगर ने कार्यकारिणी को बधाइयां दी।





विधायक डूंगर राम गेदर ने विधायक कोटे से अभिभाषक संघ राजस्व सूरतगढ़ को लाइब्रेरी निर्माण हेतु 500000 देने की भी घोषणा की। आयोजन में उपस्थित अध्यक्ष धनवीर सिंह हुन्दल के माता श्री व पिता श्री ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंत में अध्यक्ष धनवीर सिंह हुन्दल ने उपस्थित समस्त अतिथियों को विश्वास दिलाते हुए पद पर रहते हुए अच्छे काम करने का वचन दिया।

# महावीर इंटरनेशनल का अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ।** महावीर इंटरनेशनल का 30 वा अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 4 व 5 जनवरी को मोतियों की नगरी हैदराबाद के होटल सिटीडेल में संपन्न हुआ।अधिवेशन के मुख्य अतिथि तेलंगाना सरकार के उप मुख्यमंत्री श्री मल्लू भट्टी विक्रमारका थे।अधिवेशन में सूरतगढ केंद्र व वीरा केंद्र को कुल 10 पुरस्कार प्रदान किए गए। बीकानेर संभागीय अध्यक्ष वीर संजय बैद को बेस्ट जोन चैयरमैन का प्रथम पुरस्कार मिला। सूरतगढ़ केंद्र अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा को टाउन कैटेगरी में बेस्ट सेंटर चैयरमैन में द्वितीय, वीरा केंद्र की अध्यक्ष वीरा अंजना सिंह को बेस्ट वीरा सेंटर चेयरमेन में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा सूरतगढ़ केंद्र को टाउन कैटेगरी में चाइल्ड एजुकेशन में तृतीय,ब्लड डोनेशन में प्रथम,बेबी किट वितरण में द्वितीय, विशिष्ट सेवा के लिए द्वितीय, वीरा केंद्र सूरतगढ़ को टाउन कैटेगरी में फूड डिसटीब्यूशन में प्रथम, स्वामलंबन तथा प्रेगनेंसी टू इन्फेंसी सेवा कार्यो के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सूरतगढ केंद्र की ओर से गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सत्यनारायण झवर, केंद्र अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा, संभागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा, वीर विजय सावनसुखा,वीर रामपाल रोकना, वीरा संजय कुमारी मिश्रा और वीर मधु झवर सम्मिलित हुए। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन ने सूरतगढ़ केंद्र द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यो की भरपूर प्रशंसा की। सांस्कृतिक संध्या में विशेष रूप से उपस्थित तारक मेहता फेम और कवि शैलेश लोढ़ा ने अपनी प्रस्तुतियों से लगभग 600 प्रतिनिधियों का मन मोह लिया।

# एसकेडी विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबुलाल जुनेजा का सम्मान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सोमवार को राष्ट्रीय युवक परिषद हनुमानग? द्वारा एसकेडी विश्वविद्यालय के संस्थापक बाबुलाल जुनेजा का अभिनंदन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष प्रवीण जैन ने बाबुलाल जुनेजा के योगदान को सराहा और उन्हें सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथ मांगी लाल सुथार उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ़, विशिष्ठ अतिथि हनुमानाराम रतनू एक्स ई एन पीडब्ल्यू डी,सुनीता भाटी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी,कमल जेईएन,श्रीमती मंजू जेईएन,मनीष शर्मा,शिवप्रताप भाम्भू, मदनदान सिंह एएसपी अजमेर, थे व कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण जैन ने कि । इस मौके पर प्रवीण जैन ने अपने संबोधन में कहा कि बाबुलाल जुनेजा की दृढ़ सोच और मानसिकता के कारण हनुमानगढ़ को एसकेडी विश्वविद्यालय जैसी महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थान मिली।

# श्रीगुरू गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर विशाल नगरकीर्तन निकाला

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** दशमी पातशाही गुरू गोबिन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर शानिवार को टाउन गुरूद्वारा गुरूनानकसर दरबार प्रेमनगर से पांच प्यारो कि अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर किर्तण के आरम्भ से पूर्व हैडग्रंथी बाबा जोगिन्द्र सिंह ने अरदास कर क्षेत्र कि खुशहाली,अमनचैन कि अरदास कर सतश्री आकाल के जयकारो के साथ रवाना हुआ । इस मौके पर बाबा जग्गा सिंह,बाबा जोगा सिह,पूर्व सभापति सुमित रिणवा व भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक,पूर्व पार्षद प्रेम मेघवाल,जगदीप सिंह, कपूर सिंह, सोहन सिंह,कैप्टन बलवन्त सिंह विक्रम सिंह संधा,पूर्व सरंपच बलविन्द्र सिंह,राज सोढा,गुरबूटा सिंह बराड़,महादेव भार्गव, गुरूद्वारा सभापति महैन्द्र सिंह कमरानी, गुरुद्वारा प्रेमनगर प्रबन्ध कमेटी के प्रधान बलकरण सिंह ढिल्लो, सचिव दर्शन सिंह,उपप्रधान अमरजीत सिंह कोड़ा, कोषाध्यक्ष जगदीप सिंह, मलकित सिंह मरोक,सुरजीत सिंह वजीतपुरीया,दरबार सेवादार कुलदीप सिंह,बलवीन्द्र सिंह बिन्दू, सिंगारा सिंह,सुखदेव सिंह, राजेंद्र सरा,कमलजीत धंजू,बलवंत जज, भूपेन्द्र सिंह मरोक, मंगल सिंह,सुखदेव सिंह मरोक,जगदीप सिंह,राज,राजेंद्र सिंह ,खालसा,जितेन्द्र सिंह जकसीर सिंह आदि ने गुरू ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेका। इस के पश्चात नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गो से निकाला गया, श्रद्धालु महिलाओं व युवाओं द्वारा नगर कीर्तन के आगे-आगे झाड़ू से सड़क को साफ कर पानी का छिडकाव कर पुष्प बिछाते हुए बोले सो निहाल सतश्री आकांल के जयकारो कि घोष में चल रहे थे । नगर कीर्तन का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में फूलों से सजी पाल6की में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का स्वरूप विराजित किया गया। नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर मन्नत मांगी। नगर किर्तण प्रेमनगर से होता हुआ,18 एचएमएच आबादी,सरकारी अस्पताल के सामने,टिब्बी रोड़ मिस्त्री बाजार,सनसिटी कलोनी,सीआर कलोनी, सीकलीगर महोल्ला के गुरूदवारे से होकर गुरूदवारा कलगीधर इन्द्रा कलोनी,पारीक कलोनी,खंडा साहिब चौक फतेहगढ़ मोड़,नई आबादी गली नं. 05,रेल्वे ओवरब्रिज से गुरु द्वारा बाबा सूखा सिंह महताब सिंह,सिग सभा गुरुद्वारा होकर ट्रैफिक थाना,हिसारीया मार्केट, पुरानी नगरपालिका, इन्द्रा चौक, सुभाष चौक से नई धान मंडी होता हुआ वापीस शाम को गुरूदवारा प्रेम नगर पहुचा, नगरकीर्तन का जोरदार स्वागत शहर की साध संगत ने जगह जगह फुल मालाओं, सरोपों से नगर कीर्तन का स्वागत किया व चाय, ब्रैड पकोड़ो ,खीर,हलवा व लंगर लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया। नगर किर्तण में गतका पार्टी गगन सिंह श्रीगंगानगर वाले विशेष तोर ते पहुच कर गतके के जोहर दिखाये, मिलट्री बैड ने भी गुरू महिमा कि मधुर संगीत धून से साधसंगत को निहाल किया।

# गैंगस्टर कौशल चौधरी का गुर्गा गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी और पंजाब के गैंगस्टर रवि बलाचौरिया के लिए काम कर रहे एक प्रमुख शूटर को गिरफ्तार किया है। शूटर की पहचान होशियारपुर के गढ़शंकर एरिया के रहने वाले मनजोत सिंह उर्फ मनी पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है। आरोपी ने गैंगस्टर कौशल चौधरी के कहने पर हिमाचल प्रदेश के एक क्रशर कारोबारी की टारगेट किलिंग करनी थी। वह उक्त वारदात को अंजाम देता, इससे पहले जालंधर देहात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले दो अवैध हथियार बरामद कर लिए हैं। जल्द आरोपी को पुलिस कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।जालंधर देहात पुलिस के एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने बताया कि आरोपी मनजोत सिंह उर्फ मनी को देहात पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने इंचार्ज अमनदीप वर्मा देखरेख में गिरफ्तार किया। आरोपी अपने सरगनाओं के कहने पर फिरौती के लिए कॉल करता था।

# आदेशों की अवहेलना पर कार्रवाई की मांग को ज्ञापन सौंपा

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** आदेशों की अवहेलना करने वाले तथाकथित आर्य समाज मंदिर ट्रस्ट के लोगो पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर नवगठित कार्यकारिणी द्वारा टाउन थाना अधिकारी को एसडीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में समिति अध्यक्ष सुरेंद्र बेनीवाल ने बताया कि आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के नियन्त्रण में कार्यरत आर्य समाज टाउन की नवगठित कार्यकारणी द्वारा 2-12-24 को जिला कलक्टर को ज्ञापन प्रस्तुत कर निवर्तमान कार्यकारणी से भवन का ताला खुलवाने एवं दस्तावेज दिलवाने की मांग की गई थी। इसी सन्दर्भ में 6-12-24 एवं 7-12-24 को आपकी अध्यक्षता में पुलिस थाना टाउन में नवगठित कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों एवं तथाकथित आर्य समाज मन्दिर ट्रस्ट के नाम पर दावा करने वाले लोगो के बीच बैठक आयोजित की गई जिसमें आपके द्वारा दोनो पक्षों को यथास्थिति रखने के निर्देश दिये गये जिसके बारे में आपने मीडिया में भी अपना वक्तव्य जारी किया था। 7-12-24 को आपके हस्ताक्षर से नवगठित्त कार्यकारिणी से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शान्ति भंग की आशंका की बाबत पाबन्द करने के नोटिस



जारी कर 8-12-24 को प्रात: 10 बजे आपकी कोर्ट में उपस्थित होने के निर्देश दिये थे इन निर्देशो की पालना में हम आपकी कोर्ट में उपस्थित हुए परन्तु उस दिन आपकी कोर्ट का ताला दोपहर 12 बजे तक नहीं खुला जिससे हम अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर वापिस चले गये । नवगठित कार्यकारिणी द्वारा तब से लेकर आज दिनांक तक आपके हर निर्देशो की पालना की गई है परन्तु आर्य समाज मन्दिर ट्रस्ट के नाम से आर्य समाज भवन पर कब्जा जमायें बैठे लोग न केवल आपके निर्देशो की अवहेलना कर रहे है बल्कि कानून व्यवस्था को भी अंगूठा दिखा रहे है। इन लोगो द्वारा आर्य समाज भवन का ताला चोरी छुपे खोल कर आर्य समाज से जुडे पुराने दस्तावेज गायब किये जा रहे है बल्कि कल दिनांक 5-1-25 को दोपहर लगभग 2 बजे आर्य समाज भवन का ताला खोल कर इसके प्रांगण में खुले आम हवन का आयोजन किया गया जिसमें इनके तथाकथित मंत्री बलवन्त सिंह नीडर उपस्थित थे। नवगठित कार्यकारिणी द्वारा आर्य समाज भवन के स्वामित्व के संबंध में आपको 112 पेज के दस्तावेज वर्ष 1980 से लेकर के 2024 तक के सुपुर्द किये गये है जो इस बात का पुख्ता प्रमाण दे रहे है कि आर्य समाज भवन एवं इसकी दुकाने आर्य समाज की है ना कि तथाकथित आर्य समाज मन्दिर ट्रस्ट की सम्पति है। इतने सुस्पष्ट एवं पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद भी आपके द्वारा कोई फैसला नहीं किया जा रहा है ।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** पुलकित कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन में 6 और 7 फरवरी 2025 को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन के समन्वयक डॉ. चंद्रा गुरनानी और संरक्षक कविश मिड्ढा हैं। यह संगोष्ठी राजस्थान सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (छ्स्ञ) की वित्तीय सहायता से आयोजित की जा रही है, जो हनुमानगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस संगोष्ठी का विषय है 'रोल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर, केमिकल, फीजिकल एंड एनवाइरमेंटल साइंस फॉर ससटेनेबल डेवेलमेंट। इसका उद्देश्य बायोटेक्नोलॉजी के उपयोग और इसके प्रभावों पर व्यापक चर्चा करना है। बायोटेक्नोलॉजी, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अद्वितीय संगम है, कृषि, रसायन, भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान में सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह संगोष्ठी एक ऐसा मंच प्रदान करेगी, जहां वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षक और विद्यार्थी अपने विचार और शोध साझा करेंगे। यह पहली बार है कि हनुमानगढ़ में आयोजित किसी राष्ट्रीय सम्मेलन को राजस्थान सरकार के डीएसटी विभाग से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। इस सम्मेलन का आयोजन पुलकित कॉलेज और पूरे हनुमानगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस पहल से न केवल कॉलेज, बल्कि हनुमानगढ़ क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विमोचन समारोह 4 जनवरी 2025 को पुलकित कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक जितेंद्र मिड्ढा, व्याख्याता अमानत अली, जगनिशान सिंह, कुलदीप सिंह और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगोष्ठी के महत्व को रेखांकित किया और इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

# गोलूवाला थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन

● जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**जनमार्ग न्यूज।**

**गोलूवाला।** निकटवर्ती ढाणी 8 युटीएस में लगभग दो माह पहले एक युवक के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट किये जाने के मामले में कार्रवाई न होने से खफा लोगों ने मंगलवार को पुलिस थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया।दर्जनों की संख्या में मौजूद लोगों ने पुलिस कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष जताते पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद.... पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची की गुंडागर्दी नहीं चलेगी.. के नारे लगाते हुए विधानसभा तक मामले को ले जाने की बात कही। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे श्रीगंगानगर प्रगतिशील कुम्हार समाज के अध्यक्ष महेन्द्र बागड़ी ने कहा कि आरोपी विनोद भागीरथ पुत्र लीलूराम जाट द्वारा 13 नवंबर को परिवादी के पुत्र ज्ञान प्रकाश के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की व सिर में गंडासे से चोट मारी और दोंनो पैर भी तोड़ दिए लेकिन गोलूवाला थानाप्रभारी राजनीतिक दबाव के चलते कह रहे हैं कि ये जानलेवा हमला नहीं है।इन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों की थाने में ही जमानत भरना चाहती है जब थाने में ही जमानतें भरी जाने लगी तो कोई आदमी सुरक्षित नहीं है।इन्होंने कहा कि किसी गरीब के खिलाफ कोई छोटा सा परिवाद लग जाता है तो पुलिस उसे रात को ही घर से उठा लाती है लेकिन गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपियों के



पुलिस अभी तक घर तक नहीं गयी उल्टा पीड़ित पक्ष पर ही राजीनामे का दबाव बनाया जा रहा है। बागड़ी ने बताया कि पूरे मामले के पीछे पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची का हाथ है उनसे हमारी बात हुई तो वो कहने लगे कि आरोपी पक्ष मेरा वोट बैंक है आपका कुछ नही बनने वाला राजीनामा कर लो ,जब भाजपा का हारा हुआ विधायक इस तरह आमजन के चोटे पहुंचाएगा तो हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बागड़ी ने कहा की अगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं कि तो विधायक डूंगरराम गेदर व विनोद गोठवाल के मार्फत विधानसभा सत्र शुरु होते ही विधानसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे। थानाप्रभारी लालबहादुर चन्द्र ने कहा कि कुछ लोग एकत्रित होकर अपना पक्ष रखने आये थे।रही बात राजीनामे की तो ये आरोप बेबुनियाद है मेरी इस संबद्ध में कभी किसी से कोई बात नहीं हुई और मामले की जांच चल रही है। प्रदर्शन करने वालों में पीलीबंगा कुम्हार समाज अध्यक्ष गणेशाराम दादरवाल,चेयरमैन अंग्रेज सिंह सरसुआ, रामस्वरूप गेदर, अरविंद सेवटा, शुकराम वर्मा, ओमप्रकाश जलंधरा, कृष्ण लिम्बा, पवन वर्मा, देवकरण झटवाल, राकेश करड़वाल, पवन भोभरिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हुई जिला स्तरीय बैठक

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों को चिन्हित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग सघन सर्वे कर रहा है। आने वाले दिनों में इन बच्चों को निशुल्क इलाज मिल सकेगा। इस मुहिम में सभी भामाशाहों से भी आगे आने की अपील की गई है ताकि अधिकाधिक बच्चों का उपचार हो सके। इसे लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के जिलास्तरीय अधिकारियों ने बैठक कर विस्तृत चर्चा की। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच, इलाज एवं सर्जरी मुफ्त में किया जाता है। इनमें जन्मजात विकार, बीमारियां, विकास में रुकावट और विकलांगता आदि शामिल हैं। एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता ने बताया कि भामाशाह इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे इस कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक कर सकते हैं और जरूरतमंद बच्चों की मदद कर सकते हैं। खासकर बच्चों को चश्मा वितरण एवं अन्य बीमारियों के इलाज एवं सर्जरी में भी योगदान दे सकते हैं। इसके लिए कार्यालय दिवस में विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। जिला स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता, डीपीएम विपुल गोयल, डीएनओ कमल गुप्ता, डीएसी रायसिंह सहारण एवं सीओआईईसी विनोद बिश्नोई आदि शामिल हुए।

# मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फोटो युक्त मतदाता सूचियों का मंगलवार 7 जनवरी को अंतिम प्रकाशन किया गया। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू, एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रीना ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी तथा मतदाता सूचियों की डीवीडी भी उपलब्ध करवाई गई। बैठक में जानकारी दी गई कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा डो-टू-डोर संपर्क कर स्वच्छ मतदाता सूची तैयार की गई है। एक नागरिक का एक ही स्थान पर मतदाता सूची में नाम होना चाहिए। विधानसभा सादुलशहर, गंगानगर, करणपुर, सूरतगढ़, रायसिंहनगर तथा अनूपगढ क्षेत्र में कुल 15 लाख 52 हजार 636 मतदाता है, जिनमें 8 लाख 6 हजार 240 पुरूष मतदाता व 7 लाख 46 हजार 396 महिला मतदाता है।

# पिकअप की टक्कर से घायल बुजुर्ग अध्यापिका की मृत्यु

● हादसे में ग्राम विकास अधिकारी पुत्रवधू भी हो गई थी घायल

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय सूरतगढ़ रोड पर सरकारी मेडिकल कॉलेज चौराहे से वृद्धाश्रम मार्ग पर एक धर्मकांटा के नजदीक लगभग 7 महीने पहले सुबह सवेरे पिकअप वाहन की टक्कर लगने से घायल हुई एक बुजुर्ग सरकारी अध्यापिका कि आज मृत्यु हो गई। सदर थाना पुलिस के मुताबिक मृतक अध्यापिका सुवर्षा (60) पत्नी गुलशन निवासी चूनावढ का शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया। सुवर्षा की पुत्रवधू प्रीति छाबड़ा निवासी अनूपगढ़ द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 29 मई को पिकअप वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रीति छाबरडा ग्राम पंचायत जोड़े वाला में ग्रामीण विकास अधिकारी है। दुर्घटना वाले दिन वह अपनी सास सुवर्षा को स्कूटी पर लेकर जा रही थी। वृद्धाश्रम मार्ग पर धर्मकांटा के नजदीक एक पिकअप वाहन की टक्कर लगने से दोनों घायल हो गई।प्रीति ने हेलमेट पहना हुआ था, जिससे उसका बचाव हो गया। हालांकि वह भी घायल हो गई थी। सुवर्षा के सिर में गहरी चोट लगी जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें आईं। उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। पिछले लगभग सवा 7 महीनों से उसका इलाज चल रहा था। इस दौरान लगभग साढे महीने वह अस्पताल में ही रही। उसे कई बार अस्पताल से घर ले जाया गया। तबीयत खराब हो जाने पर उसे वापस अस्पताल ले जाना पड़ता था। आज सुबह उसका निधन हो गया। सुवर्षा चक 27-जीजी के सरकारी स्कूल में अध्यापिका थी। वह 30 नवंबर 2024 को रिटायर भी हो गई।

# पिता के लिए पोस्त ले जाते बेटा गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** कोतवाली पुलिस ने कल देर रात को बसंती चौक से लव-कुश वाटिका को जाने वाली रोड पर एक युवक को अवैध रूप से पोस्त ले जाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक कल देर रात को पुलिस की एक टीम उक्त मार्ग पर गश्त लगा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर एक युवक संदिग्ध रूप से जाते दिखाई दिया। रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास 459 ग्राम अवैध पोस्त बरामद हुआ। पकड़े गए युवक विश्वजीतसिंह बराड़ निवासी सहयोगनगर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# टाउन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चोरी

● जिले में तीन बाइक भी चोरी हुए

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ टाउन में हनुमानगढ़ जंक्शन मार्ग पर एक ईंट भट्ठा पर रात को खड़ा किया ट्रैक्टर चोरी हो गया।पुलिस के अनुसार गांव गाहड़ू निवासी कर्मजीतसिंह जटसिख (35)द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हवलदार मनीष ने बताया कि करमजीत करीब 15 दिन पहले ट्रैक्टर लेकर उक्त भट्टे पर गया था। रात को ट्रैक्टर वहीं खड़ा किया,जिसे कोई चोरी कर ले गया। इतने दिन तक वह अपने स्तर पर ट्रैक्टर को ढूंढने का प्रयास करता रहा। टाउन थाना में ही ज्ञानसिंह कॉलोनी निवासी श्यामसुंदर ब्राह्मण (52) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि विगत दिवस किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। हनुमानगढ़ जंक्शन थाना में जसप्रीतसिंह निवासी रामसिंह कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 4 जनवरी को अग्रसेन भवन के पास से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। उधर भादरा थाना में भी रफीक कायमखानी (37) निवासी वार्ड नंबर 15 ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 4 जनवरी को समाध भवन के पास से सुल्तान राजपूत निवासी मेहराना ने उसका मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# ज्वैलरी कारीगर ने दिखाई करामात, 36 लाख का सोना चोरी कर बेचा

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के श्रीविजयनगर में एक ज्वेलरी शोरूम में बंगाली स्वर्ण कारीगर ने करामात दिखाते हुए दुकान का लगभग 36 लाख रुपए मूल्य का सोना चुराकर दूसरे स्वर्णकारों को बेच दिया। यह मामला श्रीबिजयनगर के स्वर्णकारों और स्वर्णकार समाज में कई दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है। समाज के प्रबुद्ध लोग आपस में पंचायत कर इस मामले को सुलटाने में लगे हुए थे लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार जिस ज्वैलर के दुकान का सोना चोरी हुआ है,उसने थाने में रिपोर्ट दे दी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक श्रीविजयनगर में करणी ज्वेलर्स के संचालक अनिल कुमार सोनी (पुत्र देवीलाल) निवासी बिलोचिया द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसकी दुकान में सोने के आभूषण बनाने और ग्राहकों को अटेंड करने वाले कर्मचारी कृष्णा मंडल निवासी हुबली, कोलकाता पर अमानत में खयानत का मुकदमा का दर्ज किया गया है। अनिल सोनी ने बताया कि कृष्णा मंडल उनकी दुकान में लगभग 4 वर्षों से कम कर रहा है। वह स्वर्ण आभूषण बनाने के साथ ही दुकान में आने वाले ग्राहकों को भी अटेंड करता था। उसे विगत 3 जनवरी को दुकान से 500 मिलीग्राम सोना चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। इसके बाद जब दुकान के स्टॉक का मिलान किया गया तो उसमें 450 ग्राम सोने की गड़बड़ पाई गई,जिसकी कीमत लगभग 36 लख रुपए है। अनिल सोनी ने दर्ज करवाई मुकदमे में बताया है कि कृष्णा मंडल ने उनकी दुकान से चोरी किया सोना श्रीविजयनगर में ही कृष्ण ज्वेलर्स आर्ट के संचालक सुनील सोनी और गुरुकृपा गोल्ड टेस्टिंग, सूरतगढ़ के संचालक बबलू सोनी को सस्ते दामों में बेच दिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 306 में मुकदमा दर्ज कर जांच हवलदार नरेश कुमार के हवाले की है।

# रुपए चोरी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीविजयनगर के एक युवक को बीकानेर में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने 2 लाख 20 हजार रुपए चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गणेश कुमार रेगर (22) निवासी वार्ड नंबर 17 में दुर्गा मंदिर के नजदीक श्रीबिजयनगर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक सुरेश कुमार चोटिया (23) निवासी धीरजदेसर चोटिया ने 3 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करवाई की वह 14 दिसंबर को अपनी पत्नी को बस में चढ़ाने के लिए गया था। उस समय गणेश उसके घर पर था। जब वह पत्नी को लेकर घर से गया, तब पीछे से गणेश घर में एक बैग में रखे 2 लाख 20 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार सुरेश और गणेश बीकानेर में एक ही कंपनी में काम करते हैं। इस कारण गणेश का सुरेश के घर में आना-जाना था। इतने दिन तक सुरेश अपने स्तर पर रूपयों का पता लगाने में लग रहा। पुलिस का कहना है की घटना वाले दिन सुरेश जब अपनी पत्नी को लेकर बस में चढ़ाने के लिए चला गया, तब पीछे से गणेश को उसके घर में रुपए पड़े होने का पता होने के कारण नियत बिगड़ गई।

# जिला प्रशासन से सुधार का आश्वासन मिलने पर किसानों का पड़ाव स्थगित

● फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण को आंदोलन करेंगे तेज

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** गंगनहर में फसल पकाई के लिए पूरा सिंचाई पानी उपलब्ध कराने, पंजाब में गंगा कैनाल की 45 आरडी की बजाय राजस्थान सीमा पर स्थित खख़ा हैड पर गेज लगाकर पूरा सिंचाई पानी देने और फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में शुरू करने आदि मांगों को लेकर कल बुधवार को प्रस्तावित किसान पड़ाव को जिला प्रशासन के आश्वासन पर आज स्थगित कर दिया गया है। एडीएम (प्रशासन) से किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता सुभाष सहगल, किसान आर्मी के संयोजक मनिंद्र शसिंह मान, ऑल इंडिया किसान सभा के जिला प्रवक्ता रविंद्रसिंह तरखान, एडवोकेट विजय रेवाड़, अमरसिंह बिश्नोई और जगदीपसिंह बराड आदि किसान नेताओं की हुई वार्ता में जिला प्रशासन की ओर से सिंचाई पानी में सुधार लाने के प्रयासों पर चर्चा की गई।आश्वस्त किया गया कि 2000 क्यूसेक सिंचाई पानी उपलब्ध कराने की हरसंभव कोशिश की जाएगी।फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण व ख़खा हेड पर गेज लगाकर पानी लेने की मांग राज्य सरकार को भेजी जाएगी। किसानों नेताओं से जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला से भी बातचीत कर गंगनहर की स्थिति की जानकारी ली। किसान नेता सुभाष सहगल ने बताया कि जिला प्रशासन से हुई वार्ता में आश्वासन व किसान संगठनों के प्रमुख नेताओं की आपसी राय के बाद 8 जनवरी को घोषित जिला कलेक्ट्रेट पर प्रस्तावित किसानों का पड़ाव स्थगित कर दिया।

# युवक से अज्ञात व्यक्तियों ने की मारपीट

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा शहर में कल सोमवार सुबह सवेरे रेलवे स्टेशन से अपने घर जा रहे एक युवक पर घर के नजदीक ही कार में आए तीन व्यक्तियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार घायल हुए लक्ष्मीनारायण ब्राह्मण (35)निवासी वार्ड नंबर 9 को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।उसके भाई अशोक द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर रहे हवलदार संजय ने बताया कि लक्ष्मीनारायण रेलवे स्टेशन पर प्राइवेट तौर पर ई-टिकट बेचे का काम करता है।इसके अलावा भी वह अन्य काम भी करता रहता है।कल सोमवार सुबह लगभग 4:30 बजे वह रेलवे स्टेशन से घर को रवाना हुआ। रास्ते में करीब 5 बजे उसने एक मंदिर में दर्शन किए। वह 5:20 बजे घर के नजदीक पहुंचा, तभी कार में आए तीन व्यक्तियों ने उस पर हमला कर दिया। उसे बुरी तरह से घायल कर दिया।अभी तक हमलावरों का कुछ पता नहीं चला है। हमले की वजह भी सामने नहीं आई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक कर रही है।

# एडीजे तेनगुरिया ने किया अपना घर वृद्ध आश्रम का निरीक्षण

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा एक्शन प्लान अनुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) द्वारा महावीर इन्टरनेशनल अपना घर वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आश्रम में उपस्थित वृद्धजन से वार्ता कर आश्रम में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। वृद्ध आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के (एडीजे) तेनगुरिया द्वारा वृद्धजनों को सम्बोधित करते हुए बताया कि संस्कृतियों में वृद्धजनों को विद्वता व अनुभवों का खजाना माना जाता रहा है और हर संस्कृति में वृद्धजनों की देखभाल की जिम्मेदारी परिवार पर मानी जाती रही है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह परिस्थिति बदल रही है और यह जिम्मेदारी राज्य एवं स्वंयसेवी संगठनों पर आ गई है। उन्होंने वृद्धजनों के भरण-पोषण के अधिकार, सम्पत्ति के अधिकार व संवैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महावीर इन्टरनेशनल अपना घर, वृद्ध आश्रम, श्रीगंगानगर के अध्यक्ष विरेन्द्र वैद द्वारा वृद्धजनों को सम्बोधित करते हुए वृद्धजनों की देखभाल की जिम्मेदारी अच्छी तरह से करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उनके साथ महावीर इन्टरनेशनल वृद्ध आश्रम के सचिव, राकेश बोरड़, राकेश गुप्ता कोषाध्यक्ष व श्यामलाल आहुजा, चन्द्रेश जैन सदस्यगण व अन्य सहयोगीगण भी उपस्थित रहे।

## साढ़े सात क्विंटल पोस्त मामले में फरार अपराधी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ शहर पुलिस ने साढ़े 7 किवंटल अवैध डोडा पोस्त बरामदगी के 26 महीने पुराने मामले में वांछित एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए मोहनलाल निवासी खारा थाना फलौदी जिला फलोदी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। सूरतगढ़ शहर थाना क्षेत्र में 23 दिसंबर 2022 को पुलिस ने एक कार्यवाही करते हुए 7 किवंटल 50 किलो डोडा पोस्त बरामद किया था। इस मामले में मोहनलाल ही डोडा पोस्ट का मुख्य सप्लायर था जो कि पकड़ में नहीं आ रहा था। सब इंस्पेक्टर मानकलाल,सिपाही वेद ज्याणी और घनश्याम की टीम ने कल शाम मोहनलाल को गिरफ्तार कर लिया।

# एंबुलेंस चालक का मोबाइल चुराकर 1.10 लाख रूपए निकाले

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ टाउन में एक एंबुलेंस चालक का मोबाइल फोन चुराने के बाद उसके जरिए 1 लाख 10 हजार रुपए एंबुलेंस चालक के बैंक अकाउंट से निकाल लिए गए। पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर 37 में गुरुनानक पार्क के पास रहने वाले नारायणदास कुम्हार (58) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कमल ब्राह्मण निवासी पारीक कॉलोनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर रहे हवलदार सुनील ने बताया कि घटना लगभग 20 दिन पहले की है। नारायण दास और कमल आपस में जानकार हैं। नारायण दास का कहना है कि करीब 20 दिन पहले कमल ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। फिर उसके अकाउंट से 1 लाख 10 हजार रुपए निकाल लिए। जांच अधिकारी ने कहा कि कल शाम मामला दर्ज होने पर पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक से पांच किलो डोडा बरामद

**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने शहर के त्रिमूर्ति मंदिर क्षेत्र के एक पीजी हॉस्टल में स्टूडेंट बनकर रह रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 5 किलो 750 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि आरोपी राजेश बावरी पुत्र मूलाराम बावरी, निवासी बरसिंग, थाना बाप, जिला फलोदी इस हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को नशा सप्लाई करता था।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692